तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026

12 गड्ढों में तब्दील हुईं शहर की सड़कें, जान जोखिम...

13 सुविधा विहीन जगह पर बना महतारी सदन, महिलाओं...





हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
न्यु ओम ज्वेलर्स
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### निगम में ताश खेलते पकड़े गए तीन कर्मचारी निलंबित

**भिलाई।** नगर निगम मुख्यालय परिसर में ड्यूटी के दौरान ताश खेलते पाए जाने पर निगम प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। सहायक राजस्व अधिकारी विकास सिंह, सफाई कर्मचारी डहर सिंह बंजारे और भृत्य अशोक यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बताया गया कि तीनों कर्मचारी निगम मुख्यालय परिसर में ताश खेल रहे थे, जिसकी जानकारी मिलने पर अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया। अनुशासनहीनता और शासकीय कार्य में लापरवाही मानते हुए निगम प्रशासन ने निलंबन आदेश जारी किया। पहले इन तीनों को नोटिस जारी किया गया था जिसका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कार्यालयीन समय में ऐसी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

### सूर्या मॉल के सामने से चोरी हुई एक्टिवा बरामद

**भिलाई।** स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने मोपेड चोरी के मामले का त्वरित खुलासा करते हुए एक आरोपी योगेश निषाद उर्फ बाऊ (24) निवासी ग्राम समोदा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक्टिवा बरामद की है। आरोपी के पास से सीजी 07 एलडब्ल्यू 6256 नंबर की एक्टिवा जब्त की गई है। मामले में थाना सुपेला में अपराध दर्ज कर आरोपी को रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। कृष्णा नगर वार्ड-4 सुपेला निवासी जीतू साहू (26) ने शिकायत की थी।

### कृषि विभाग की रेड के बाद दो कृषि केंद्र के कारोबारियों पर एफआईआर दर्ज

# नकली कीटनाशक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किसानों को दोगुने दाम में बेच रहे थे खाद

**चिंगरी गांव के गोदाम में बिना लाइसेंस बन रहे थे जैव उत्प्रेरक और कीटनाशक**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में कृषि विभाग ने अवैध कीटनाशक कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना वैध लाइसेंस के जैव उत्प्रेरक और कीटनाशकों के निर्माण एवं भंडारण का खुलासा किया है। मामले में अनुविभागीय कृषि अधिकारी की शिकायत पर थाना अंडा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी तरह दूसरे मामले में पाटन में किसानों को सरकारी निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद और उर्वरक बेचने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ उर्वरक निरीक्षक पुष्पा रामटेके की शिकायत पर पाटन थाना पुलिस ने कृषि सेवा केंद्र के संचालक रूपेश कश्यप के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 और 7 के तहत अपराध दर्ज किया है। जांच में अधिक कीमत पर उर्वरक बेचने, स्टॉक में गड़बड़ी और नियमों का उल्लंघन सामने आने का दावा किया गया है। कृषि विभाग और भी गड़बड़ी करने वाले कृषि सेवा केंद्रों पर नजर रखी हुई है। टीम लगातार दस्तक दे रही है।



### चिंगरी में अवैध कीटनाशक बना रहे थे

ग्राम चिंगरी स्थित एक गोदाम में अवैध रूप से जैव उत्प्रेरक और कीटनाशकों का निर्माण एवं भंडारण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर विभागीय टीम मौके पर पहुंची, लेकिन गोदाम बंद मिला। जांच के दौरान मकान मालिक ने अधिकारियों को बताया कि गोदाम रीवा (मध्यप्रदेश) निवासी वरुण त्रिपाठी को किराए पर दिया गया है। कृषि विभाग ने आरोपी को मौके पर बुलाया, लेकिन उसने आने से इनकार कर दिया। इसके बाद पंचों और ग्रामीणों की उपस्थिति में गोदाम का ताला खुलवाकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गोदाम से जैव उत्प्रेरक और कीटनाशकों के निर्माण में उपयोग होने वाला कच्चा माल, पैकेजिंग सामग्री तथा बड़ी मात्रा में तैयार उत्पाद बरामद किए गए। प्राथमिक जांच में सामने आया कि पूरे कारोबार का संचालन बिना वैध अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के किया जा रहा था।




### रिकॉर्ड और बिल भी नहीं मिले

जांच में यह भी पाया गया कि गोदाम संचालक द्वारा निर्माण और भंडारण का कोई वैध रिकॉर्ड संधारित नहीं किया गया था। बिक्री के लिए कैश मेमो जारी नहीं किए जा रहे थे। कृषि विभाग ने मौके से बरामद जैव उत्प्रेरक, कीटनाशक, कच्चा माल और अन्य सामग्री को जब्त कर लिया है। मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम, उर्वरक (नियंत्रण) आदेश तथा कीटनाशक अधिनियम के प्रावधानों के तहत थाना अंडा में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### कर्मचारी पहुंचा ग्राहक बनकर

पाटन कृषि सेवा केंद्र में 15 जून को उप संचालक कृषि संदीप भोई के निर्देश पर जिला स्तरीय जांच दल ने पाटन स्थित मेसर्स कृषि सेवा केंद्र में छापेमारी की।जांच के दौरान कृषि कर्मचारी रौनक सिन्हा को सामान्य ग्राहक बनाकर दुकान में भेजा गया। उन्होंने दुकानदार से यूरिया और 20:20:0:13 उर्वरक की उपलब्धता और कीमत पूछी। शिकायत के मुताबिक दुकानदार ने यूरिया का दाम 500 रुपये प्रति बैग तथा 20:20:0:13 उर्वरक का मूल्य 2,000 रुपये प्रति बैग बताया। इसके बाद रौनक सिन्हा ने दो बैग यूरिया और दो बैग 20:20:0:13 उर्वरक खरीदा और फोनपे के माध्यम से कुल 5,000 रुपए का भुगतान किया। जब बिल मांगा गया तो दुकानदार ने मोबाइल पर बिल भेजने की बात कही। आरोप है कि दुकान में निर्धारित मूल्य और उपलब्ध स्टॉक का प्रदर्शन नहीं किया गया था, निर्धारित प्रारूप में कैश मेमो जारी नहीं किया गया और उर्वरक सरकारी दर से अधिक कीमत पर बेचा जा रहा था। अनियमितताएं मिलने के बाद कृषि विभाग ने 15 जून को कारण बताओ नोटिस जारी किया और दुकान से एनएफएल कंपनी की 10.08 टन यूरिया तथा 20:20:0:13 उर्वरक की 2.25 टन खेप जब्त कर ली।

### बिल में कम राशि, भुगतान ज्यादा

जांच में सामने आया कि पीओएस मशीन से जारी बिल में कुल राशि केवल 3,562 रुपए दर्ज थी, जबकि फोनपे से 5,000 रुपए का भुगतान लिया गया। खरीदार के रूप में रौनक सिन्हा का पता ग्राम कलंगपुर, तहसील गुंडरदेही, जिला बालोद दर्ज था। इसके बावजूद जिले से बाहर के किसान को उर्वरक बेचा गया, जो नियमों के विपरीत है।15 जून को दोबारा जांच की गई। अधिकारियों ने पाया कि पीओएस रिकॉर्ड में 20:20:0:13 उर्वरक का स्टॉक 67 बैग दर्ज था, जबकि मौके पर केवल 45 बैग ही उपलब्ध मिले। यानी रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में 22 बैग का अंतर पाया गया।

# डीपीएस दुर्ग के सामने अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई नहीं




हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर को अवैध होर्डिंग्स से मुक्त रखने भिलाई निगम का अभियान निगम आयुक्त राजीव पांडेय के तबादले के बाद ठंडा पड़ गया है। डीपीएस स्कूल जुनवानी के सामने प्रमुख मार्गों पर कई बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए हैं लेकिन निगम के अधिकारियों यहां कार्रवाई तक करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। हाल यह है कि इनमें ज्यादातर होर्डिंग्स अवैध हैं। लोगों के लिए यहां से गुजरना खतरे से कम नहीं है। आंधी-बारिश का सीजन चल रहा है और इस व्यस्ततम मार्ग पर लाखों लोग रोजाना आवागमन करते हैं। इसलिए यहां से गुजरना जोखिमभरा है।

- निगम अधिकारियों की चुप्पी से उठे कई सवाल

### स्कूली बच्चों व मरीजों को आवागमन में परेशानी

इस रोड पर डीपीएस स्कूल दुर्ग के साथ साथ और भी शैक्षणिक संस्थाएं संचालित हो रही है। इन संस्थानों में बड़ी संख्या में छोटे बच्चे से लेकर विद्यार्थी पढ़ते हैं। इसके अलावा आसपास हॉस्पिटल भी हैं। जहां मरीजों और उनके परिजनों का आना-जाना लगा रहता है। लोगों ने बताया कि होर्डिंग्स की वजह से सड़क संकरी हो गई है। दोनों तरफ से बड़े वाहन आते-जाते हैं तो वहां से दुपहिया सवारों को निकलना मुश्किल हो जाता है। सड़क किनारे इतनी जगह नहीं बचती कि आसानी से निकल सके। बच्चों को वाहन में बिठाकर लाना जोखिमभरा होता है। इसी तरह मरीज और उनके परिजनों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। लोंगों ने निगम से इस रोड को होर्डिंग्स मुक्त करने की मांग निगम अधिकारियों से की है।

**संज्ञान लेता हूं**

अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई निगम करती रही है। डीपीएस स्कूल के सामने लगे होर्डिंग्स की पूर्ण जानकारी लेकर उन्हे हटाने के लिए निगम आयुक्त से चर्चा की जाएगी।

-**डीके कोसरिया,** निगम उपायुक्त जोन एक

# शिव नारायण सुपेला थाना और पूर्ण बहादुर बने रुआबांधा चौकी प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में पुलिस विभाग ने प्रशासनिक कारणों से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है। आगामी आदेश तक अस्थाई तौर पर कई पुलिसकर्मियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस फेरबदल के तहत थाना भिलाई नगर, रक्षित केंद्र दुर्ग सहित अन्य स्थानों पर पदस्थ कर्मचारियों को पुलिस चौकी रुआबांधा में तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक शिव नारायण सिंह रक्षित केन्द्र दुर्ग को सुपेला थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सोंपी गई है। वहीं उप निरीक्षक पूर्ण बहादुर को थाना भिलाई नगर से स्थानांतरित कर पुलिस चौकी रुआबांधा का प्रभारी बनाया गया है। उन्हें चौकी की जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा प्रधान आरक्षक राकेश सिंह जो वर्तमान में रक्षित केंद्र दुर्ग में पदस्थ थे, उन्हें पुलिस चौकी रुआबांधा में पदस्थ किया गया है। वहीं थाना भिलाई नगर में पदस्थ प्रधान आरक्षक विनय साथ को भी पुलिस चौकी रुआबांधा भेजा गया है। पुलिस विभाग द्वारा जारी आदेश में आरक्षक स्तर के कर्मचारियों को भी नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। आरक्षक इशरार खान, आरक्षक बीरेन्द्र साहू और आरक्षक दोलेस कुमार ठाकुर को पुलिस चौकी रुआबांधा में पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही रक्षित केंद्र दुर्ग में पदस्थ आरक्षक उदय निषाद को भी रुआबांधा चौकी में तैनाती दी गई है। नई पदस्थापना के बाद पुलिस चौकी रुआबांधा में नई टीम जिम्मेदारी संभालेगी।

- कई पुलिस कर्मी हुए इधर से उधर

# टिकट दलाली के फरार वारंटी को आरपीएफ ने कराया सरेंडर

**दुर्ग।** आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे वारंट तामीली अभियान के तहत दुर्ग पोस्ट प्रभारी ने टीम गठित की है। टीम ने विशेष रेलवे न्यायालय रायपुर ने दुर्ग में दर्ज अपराध 205/2004 एवं न्यायालय प्रकरण 1727/2004 धारा 143 रेल अधिनियम में आरोपी तिजेंदर सिंह उर्फ टिंकू उम्र 46 वर्ष निवासी लक्ष्मीनगर सुपेला के विरुद्व स्थायी गिरफ्तारी वारंट 18 अप्रैल 2012 को जारी किया था। वारण्ट की तामिली के क्रम में पोस्ट प्रभारी आरपीएफ के निर्देशन पर सउनि निरंजन, प्रधान आरक्षक भानु राजोरिया, आरक्षक श्रीराम मीना को पतासाजी के दौरान जानकारी मिली कि आरोपी वारंट में दिए गए पते पर निवासरत नहीं है। मुखबीर से जानकारी मिली कि आरोपी पिछले 20 सालों से पंजाब अपने गृह ग्राम गुरदासपुर जिले के बटाला में रहता है। टीम बटाला रवाना होकर आरोपी के घर का पतासाजी के लिए पहुंची। घर में उसके माता-पिता और पत्नी मिली, जिनसे पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी विगत 15 वर्षों से दुबई में रहकर वाहन चलाने का काम कर रहा है। आरोपी के घर वालो को वारंट की छाया प्रति व नोटिस दिया गया। अपराध स्वीकार करने पर आरोपी को एक दिन टीआरसी एवं 5 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

जन्म मरण सब दु:ख सुख भोगा । हानि प्रिय मिलन वियोगा ।।
काल करम बस होंहि गोसांई । बरबस राति दिवस की नाईं ।।
(श्री रामचरित मानस)

।। श्रद्धांजलि सभा ।।



हमारी परम् पूजनीय
श्रीमती शांतिदेवी वोरा
(धर्मपत्नि - स्व. श्री मोतीलाल जी वोरा, पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश)
सोमवार, दिनांक : 13 जुलाई 2026 को ब्रह्मलीन हो गयी हैं ।

शांति भोज एवं श्रद्धांजलि सभा
शनिवार, दि. 25.07.2026, दोपहर 12 से सायं 4 बजे तक
श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण, महेश कॉलोनी, दुर्ग (छ.ग.)

सादगी, सेवा, सरलता, सत्यता,
आत्मविश्वास, धर्मनिष्ठा, सहृदयता...
...सदैव आपके इन्हीं पदचिन्हों पर चलने का संकल्प.

शोकाकुल
गिरीश वोरा, राजीव वोरा
डॉ. आशीष, सुमित,सौरभ, संदीप, विक्रम,
व्योम, देव, विहान एवं समस्त वोरा परिवार

श्रद्धावनत्
अरविंद वोरा
अरुण वोरा

ATUL

### भिलाई-3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में होटल का एग्जॉस्ट

# होटल के धुएं से घुट रहा अस्पताल का दम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई-3 स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक बगल में संचालित एक होटल के किचन से निकलने वाला धुआं मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। होटल का एग्जॉस्ट (वेंटिलेटर) अस्पताल की ओर लगा होने से खाना पकाने के दौरान निकलने वाला धुआं सीधे अस्पताल परिसर और कमरों तक पहुंच रहा है।

स्थिति यह है कि अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों को साफ हवा की जगह धुएं का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चे और सांस संबंधी बीमारी से पीड़ित मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। अस्पताल के कर्मचारियों का कहना है कि कई बार धुएं के कारण वार्ड और ओपीडी में बैठना तक मुश्किल हो जाता है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इस समस्या को लेकर नगर निगम को कई बार लिखित और मौखिक शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। नतीजा यह है कि समस्या लगातार बनी हुई है।





### स्वास्थ्य पर पड़ सकता है असर

विशेषज्ञों के अनुसार अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान के आसपास प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। किचन से निकलने वाले धुएं में तेल के सूक्ष्म कण, कार्बन और अन्य प्रदूषक तत्व होते हैं, जो लंबे समय तक संपर्क में रहने पर स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। ऐसे वातावरण में मरीजों की रिकवरी भी प्रभावित हो सकती है। अस्पताल प्रबंधन ने नगर निगम से होटल के एग्जॉस्ट सिस्टम की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। होटल से निकलने वाले धुएं के कारण अस्पताल स्टॉफ सहित मरीज लंबे समय से परेशान है।

**निगम में की गई थी शिकायत**

निगम में शिकायत की गई थी। कार्रवाई का आश्वासन मिला था लेकिन स्थिति जय की तय बनी हुई है। धुएं से सभी परेशान है।

-**डॉ. शिखर अग्रवाल,** प्रभारी, पीएचसी भिलाई-3

# 13 अतिथि शिक्षकों की गिरफ्तारी और धरना स्थल से खदेड़े जाने के बाद हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

संविलियन, समान काम समान वेतन, सेवा सुरक्षा सहित अन्य मांगों को लेकर पिछले 23 दिनों से आंदोलनरत प्रदेशभर के अतिथि शिक्षकों ने शुक्रवार को अपनी हड़ताल 5 सितंबर तक स्थगित करने की घोषणा की। राज्य अतिथि शिक्षक संघ (विद्या मितान) छत्तीसगढ़ ने बताया कि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव और स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह से मांगों के संबंध में मिले सकारात्मक आश्वासन के बाद यह निर्णय लिया गया है। बता दें कि एक दिन पहले हिंदी भवन के सामने धरना स्थल पर बैठे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने खदेड़ा। इसके बाद 13 को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। बाद में उन्हें कार्रवाई के बाद बॉन्ड भरने के बाद छोड़ दिया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों का यह निर्णय सामने आया है। संघ के संरक्षक धर्मेन्द्र दास वैष्णव ने स्पष्ट किया कि हड़ताल स्थगित करने का निर्णय शासन द्वारा ज्वाइनिंग के लिए दिए गए अल्टीमेटम के दबाव में नहीं, बल्कि मांगों पर सार्थक पहल और सकारात्मक आश्वासन मिलने के कारण लिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि 5 सितंबर तक सरकार की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है तो आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राज यादव, दुर्ग जिला अध्यक्ष मुकेश वर्मा सहित अन्य अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

## शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव और सचिव कमलप्रीत सिंह के आश्वासन के बाद अतिथि शिक्षकों का फैसला

### आदिवासी अंचलों में दे रहे सेवाएं

संघ के संरक्षक धर्मेन्द्र दास वैष्णव ने बताया कि वर्ष 2016 में राज्य सरकार ने आदिवासी एवं वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की थी। वर्तमान में प्रदेश के 24 जिलों में 1,538 अतिथि शिक्षक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के समय अतिथि शिक्षकों का मानदेय 15 हजार रुपये था, जो 10 वर्षों बाद बढ़कर केवल 20 हजार रुपये हुआ है। जबकि वे नियमित शिक्षकों के समान कार्य करते हैं, इसके बावजूद उन्हें वेतन और अन्य शासकीय सुविधाओं में समानता नहीं मिल रही है। इससे अतिथि शिक्षकों में असंतोष और भेदभाव की भावना उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि बस्तर, सरगुजा, कवर्धा, राजनांदगांव के आदिवासी अंचलों में अतिथि शिक्षक सेवाएं दे रहे हैं। शासन से मांगों को लेकर ही वे प्रदर्शन कर रहे थे।



### आंदोलन शांतिपूर्ण, फिर भी टेंट हटाया गया, हिरासत में लिया गया

वैष्णव ने कहा कि अतिथि शिक्षक जिला शिक्षा कार्यालय दुर्ग के पास शांतिपूर्ण ढंग से धरना दे रहे थे, लेकिन प्रशासन ने बुधवार की शाम आंदोलन स्थल से टेंट हटवा दिए और कई शिक्षकों को धरना स्थल पहुंचने से रोकने के लिए पुलिस हिरासत में लिया। साथ ही 13 अतिथि शिक्षकों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई भी की गई, जिसे उन्होंने अन्यायपूर्ण बताया। अब अतिथि शिक्षकों की नजर 5 सितंबर तक सरकार द्वारा लिए जाने वाले निर्णय पर टिकी है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा तक उनकी प्रमुख मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को पुनः शुरू करते हुए उसे और व्यापक बनाया जाएगा।

### अनुभवी अतिथि शिक्षकों को मिले नियमित नौकरी



कांग्रेस के जिला महामंत्री राहुल शर्मा ने कहा कि अतिथि शिक्षकों की मांग जायज है। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार ने अतिथि शिक्षकों को नियमित शिक्षकों के समान सुविधाएं देने के लिए सेवा शर्तों में संशोधन किया था, लेकिन वर्तमान सरकार ने उसे अब तक लागू नहीं किया है। अतिथि शिक्षकों के सामने आर्थिक और सामाजिक समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। प्रदेश में शिक्षकों के लगभग 33 हजार पद रिक्त हैं। यदि इन पदों पर अनुभवी अतिथि शिक्षकों का समायोजन किया जाता है तो सरकार को प्रशिक्षित और अनुभवी शिक्षक मिलेंगे तथा अतिरिक्त वित्तीय भार भी नहीं बढ़ेगा।

## खबर संक्षेप

### युवक से 1.146 किलो गांजा और नकदी जब्त

**भिलाई।** धमधा पुलिस ने गांजा बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 146 ग्राम गांजा और बिक्री से प्राप्त 810 रुपए नकद जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कीमत करीब 56 हजार रुपये आंकी गई है।मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम रौंदा चौक में एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बेच रहा है। थाना धमधा पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में मौके पर रेड कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान आरोपी हिमांशु उर्फ मंसु राम ध्रुवे (22 वर्ष), निवासी नवागांव छुईहा थाना धमधा को पकड़ा गया। उसके पास मौजूद सफेद प्लास्टिक के थैले से 1 किलो 146 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### 7 पंचायत सचिवों को मिला वरिष्ठ वेतनमान

**दुर्ग।** जिला पंचायत ने 15 साल की नियमित सेवा पूरी करने वाले 7 पंचायत सचिवों को वरिष्ठ ग्राम पंचायत सचिव वर्ग-02 के पद का पुनरीक्षित वेतनमान स्वीकृत किया है। आदेश के अनुसार अब उन्हें 5200–20200 के वेतनमान एवं 2400 ग्रेड पे का लाभ प्रदान किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग से रश्मि राजपूत अण्डा, जानकी ठाकुर बोड़ेगांव, धनेश्वरी मधुकर कोनारी तथा तामेश्वर प्रसाद बोरई को वरिष्ठ वेतनमान स्वीकृत किया गया है। वहीं जनपद पंचायत धमधा से दिलीप कुमार साहू कन्हारपुरी, दानेश्वर प्रसाद साहू रौंदा तथा राकेश कुमार चंद्राकर मुरमुंदा को भी वरिष्ठ ग्राम पंचायत सचिव वर्ग-02 का पुनरीक्षित वेतनमान स्वीकृत किया गया है।

### बरसात में बढ़ा हादसों का खतरा, वर्षों से मरम्मत का इंतजार, सड़कें बदहाल

# गड्ढों में तब्दील हुईं शहर की सड़कें, जान जोखिम में डालकर सफर करने मजबूर हो रहे हैं लोग

## कोहका, कुरूद, रामनगर, कचांदुर, वैशालीनगर, सुपेला की सड़कें सबसे ज्यादा बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई के कई वार्डों में सड़कें जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं। चंदूलाल मेडिकल कॉलेज मार्ग, कुरूद-कचांदुर रोड, सुपेला वैशालीनगर और रामनगर क्षेत्र में बड़े-बड़े गड्ढों से लोग परेशान हैं। बरसात में हालात और खराब हो गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है।स्मार्ट सिटी और विकसित नगरीय सुविधाओं के दावों के बीच भिलाई की कई प्रमुख सड़कें आज भी बदहाली की तस्वीर पेश कर रही हैं। शहर के विभिन्न वार्डों में सड़कें वर्षों से जर्जर स्थिति में हैं, लेकिन मरम्मत और निर्माण के दावे अब तक धरातल पर नजर नहीं आ रहे हैं। बरसात के मौसम में हालात और गंभीर हो गए हैं। जगह-जगह बने बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क और गड्ढे में अंतर करना मुश्किल हो गया है, जिसके कारण आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। शहर के रामनगर क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल के समीप की सड़क, वैशालीनगर क्षेत्र, चंदूलाल मेडिकल कॉलेज जाने वाला मार्ग तथा कुरूद से कचांदुर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग और सुपेला की सड़कें प्रभावित क्षेत्रों में शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों और जनप्रतिनिधियों के ध्यान आकर्षित कराने के बावजूद स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है।



चंदूलाल मेडिकल कॉलेज जाने वाली मुख्य मार्ग



कुरूद से कचांदुर जाने वाली मार्ग



वार्ड 15 की जर्जर सड़क

### कुरूद-कचांदुर मार्ग पर भी संकट

वार्ड 22 में कुरूद से कचांदुर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग भी लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। यह सड़क क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए आवागमन का प्रमुख रास्ता है। सड़क का एक हिस्सा वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र में आता है, जबकि दूसरा हिस्सा अहिवारा क्षेत्र में शामिल है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन चुके हैं। गड्ढों में पानी भर जाने से दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



वार्ड 16 शीतला तालाब के पास की स्थिति

### अस्पताल जाने वाली सड़क बनी परेशानी का कारण

सबसे चिंताजनक स्थिति चंदूलाल मेडिकल कॉलेज जाने वाले मुख्य मार्ग की है। यह सड़क वर्षों से जर्जर अवस्था में है और लगभग दो किलोमीटर तक सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। यह मार्ग मेडिकल कॉलेज और अस्पताल तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है, जहां प्रतिदिन मरीज, उनके परिजन और एंबुलेंस गुजरती हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गंभीर मरीजों को अस्पताल ले जाते समय एंबुलेंस को गड्ढों से बचाते हुए चलाना पड़ता है, जिससे मरीजों की परेशानी और बढ़ जाती है। बरसात के दिनों में सड़क की स्थिति और खराब हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने के कारण वाहन चालकों को रास्ता समझ नहीं आता और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों का आरोप है कि निगम और संबंधित विभागों के अधिकारी कई बार निरीक्षण कर चुके हैं। सर्वे भी किए गए, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका।

### वाहन चालक और राहगीर परेशान



वर्ष 2013 में कुरूद से कचांदुर जाने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कराया गया था। वर्तमान में सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बरसात के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और गंभीर हो जाती है, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है।

**-नेतराम बंछोर,** स्थानीय निवासी

### किसानों को दिक्कत



कुरूद से कचांदुर जाने वाली मुख्य सड़क पिछले कई वर्षों से जर्जर हालत में है। सबसे अधिक दिक्कत किसानों को होती है, क्योंकि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग खेती-किसानी पर निर्भर हैं। कृषि कार्य के दौरान किसानों को अपनी उपज, खाद और अन्य सामग्री लेकर आना-जाना पड़ता है, लेकिन खराब सड़क के कारण परिवहन प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि ढौर और कचांदुर सहकारी समितियों तक पहुंचने में भी लोगों को काफी परेशानी होती है।

**-अंकलुराम साहू** स्थानीय किसान

### पंचशील नगर चरोदा से दुर्लभ सफेद करैत सांप का किया गया रेस्क्यू



**दुर्ग।** चरोदा क्षेत्र स्थित पंचशील नगर में एक घर से अत्यंत दुर्लभ सफेद रंग का करैत (ल्यूसिस्टिक) सांप का रेस्क्यू किया गया। वन विभाग और सर्प विशेषज्ञों की मदद से इस दुर्लभ सर्प का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे राजनांदगांव वन क्षेत्र में छोड़ा गया। वनमण्डाधिकारी के मुताबिक वन विभाग को मिली। सूचना पर टीम और सर्प रेस्क्यूअर विजय शर्मा मौके पर पहुंचे। सावधानीपूर्वक सर्प का रेस्क्यू किया गया। प्रारंभिक जांच में यह अत्यंत दुर्लभ श्वेतवर्णी करैत सर्प पाया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि शरीर में रंगद्रव्य (मेलानिन) की कमी के कारण उत्पन्न होने वाली आनुवंशिक अवस्था को ल्यूसिज्म कहा जाता है। इसी कारण इस करैत का रंग सामान्य काले-पीले की बजाय सफेद दिखाई देता है। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रकार के श्वेतवर्णी करैत का मिलना अत्यंत दुर्लभ है।

दक्षिण एशिया में इसके बहुत कम अभिलेख दर्ज हैं। भारत में महाराष्ट्र और ओडिशा तथा नेपाल के कुछ क्षेत्रों में ही इसके मिलने की जानकारी उपलब्ध है। वनमंडलाधिकारी दीपेश कपिल ने आरए प्रमोद यादव, सर्प मित्र विजय शर्मा एवं सर्प विशेषज्ञ अविनाश मौर्या की टीम ने इस दुर्लभ सर्प को राजनांदगांव वनमंडल के आरएफ 549 स्थित प्राकृतिक पर्यावास में सुरक्षित रूप से छोड़ा।

## पेपर लीक मामले में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



नीट के पेपर लीक मामले में दिल्ली के जंतर मंतर में चल रहे छात्र आन्दोलन को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार अपने पुलिस के बल का उपयोग कर कूचलने का प्रयास किया है। छात्रों पर लाठी चार्ज और आंसू गैस के गोले तक छोड़े गए।

इसके विरोध मे लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी द्वारा 21 जुलाई को प्रधानमंत्री आवास का घेराव कर छात्र आन्दोलन का बड़ा समर्थन देने का निर्णय लिया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर और भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 3 अध्यक्ष सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय विरोध प्रदर्शन कर देश के शिक्षा मंत्री धर्मेन प्रधान का पुतला दहन सेक्टर-2 चौक पर किया। इसमें ब्लॉक, मंडल कमेटी के कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा, परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं और व्यवस्थागत विफलताओं पर संसद में चर्चा, छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस करने की मांग की गई है। विरोध करने पूर्व महापौर नीता लोधी, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र परगनिया, पार्षद राजेश चौधरी, सुरेश वर्मा, ख्वाजा अहमद, आशीष यादव, रुद्रा अंकल, अभिषेक अवस्थी, लक्ष्मण, आकाश यादव, निशांक ,फतेह सिंह, जसबीर, रोशन रिजवी, निर्भय सिंह, केतन तिवारी, नीक्कू चौबे, निखिल, इमरान, तुषार, नवीन दयाल समेत कांग्रेसी मौजूद थे।

## कलेक्टोरेट परिसर में 50 लाख से लगे पेवर ब्लॉक



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

**दुर्ग।** कलेक्टोरेट में 50 लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक का काम लगभग पूरा हो गया है। महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों के साथ काम का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के इंतजाम किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर लोक कर्म विभाग के प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, पार्षद रामचंद्र सेन, युवराज कुंजाम, खिलावन मटियारा, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, उप अभियंता मोहित मरकाम सहित अन्य मौजूद थे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि वर्षा जल का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक शासकीय परिसर में वर्षा जल संचयन की प्रभावी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, ताकि भू-जल स्तर में वृद्धि हो तथा जल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य के साथ ही वाटर हार्वेस्टिंग की समुचित योजना तैयार कर उसे शीघ्र क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

## जंतर मंतर में छात्रों व महिलाओं पर लाठीचार्ज के खिलाफ प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जंतर मंतर में अपनी जायज मांगों को लेकर छात्र आंदोलन कर रहे थे।

उनका समर्थन करने कांग्रेस के राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के सांसद और नेताओं को गिरफ्तार कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर छात्रों के ऊपर दिल्ली पुलिस के द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया गया, जिसमें सैकड़ो छात्र घायल हुए इसके विरोध में आज मध्य ब्लॉक द्वारा राजीव भवन दुर्ग से रैली निकालकर शनिचरी बाजार चौक, तहसील लाइन, पटेल चौक, जीई रोड से गांधी प्रतिमा में समाप्त हुई।

अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि जब से केंद्र में मोदी सरकार बैठी है, तब से देश की जनता के ऊपर कहर ढा रही है। मालूम होना चाहिए कि हमारे जननायक राहुल गांधी युवाओं की आवाज बन चुके हैं। दिल्ली पुलिस के द्वारा लाठी चार्ज किया गया है, जो कि छात्राओं और बच्चों को भी नहीं बक्शा उनके साथ जो व्यवहार किया गया, वह बहुत ही निंदनीय है। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, रायसिंह ढिकोला, राहुल शर्मा, कौशल किशोर सिंह, दुष्यंत ताम्रकार, अशोक मेहरा सहित अन्य मौजूद थे।

## रक्तदान को लेकर कला मंदिर में बैठक आज

**दुर्ग।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग द्वारा जिला चिकित्सालय में संचालित ब्लड बैंक में रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और नियमित रक्तदान शिविरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 जुलाई की सुबह 11 बजे कला मंदिर सिविक सेंटर में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अभिजीत सिंह करेंगे। बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकारगण समीर साहा आ. शम्भूनाथ साहा, श्रीमती चंद्रा साहा व सोमा पाल निवासी- म.नं. 09/365, गजानंद नगर, दुर्ग, थाना- मोहन नगर, तह. व जिला-दुर्ग से प्राप्त अधिकार व निर्देश पर सत्यप्रकाश वैष्णव आ. भोलादास वैष्णव निवासी- प्लॉट नं. 03, सड़क नं. 07 ए 08, कृपाल नगर, कोहका, भिलाई, स्थायी निवास- ग्राम भटगांव, पोस्ट जेवरा सिरसा, तह. व जिला- दुर्ग व आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व एवं हक की आवासीय भूमि मौजा दुर्ग, मोहन नगर प.ह.नं. 24 तह. व जिला-दुर्ग में स्थित खसरा नं. 1325/18 रकबा 2160 वर्गफीट है, उपरोक्त आवासीय भूमि को मेरे पक्षकार समीर साहा से दिनांक 10/01/2026 को सत्यप्रकाश वैष्णव आ. भोलादास वैष्णव ने क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि गवाहों के समक्ष प्रदान कर इकरारनामा का निष्पादन किया गया है, इकरारनामा में सौदे की बकाया प्रतिफल दिनांक 28/02/2026 तक भुगतान कर पंजीयन अपने पक्ष मे कराने का उल्लेख है। उपरोक्त अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् भी सत्यप्रकाश वैष्णव द्वारा उपरोक्त आवासीय भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में नहीं करा रहा है। इस आम सूचना के माध्यम से सत्यप्रकाश वैष्णव को सूचित किया जाता है कि 15 दिवस के अंदर मेरे पक्षकारगण को सौदे की बकाया प्रतिफल की राशि का भुगतान कर अपने पक्ष में पंजीयन करावें अन्यथा समयावसान पश्चात् इकरारनामा दिनांक 10/01/2026 निरस्त मानी जावेगी, बाद म्याद की गई कार्यवाही मेरे पक्षकार समीर साहा के उपरोक्त संव्यवहार में किसी भी प्रकार से बंधनकारी अथवा प्रभावकारी नहीं होगा व मेरे पक्षकारगण अपने उपरोक्त आवासीय भूमि का अपने हिसाब से उपयोग, उपभोग या अन्य व्यक्ति को विक्रय करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे।

उपरोक्तानुसार सर्व साधारण सूचित हो।

दुर्ग, दिनांक 24/07/2026

भरत दास वैष्णव (अधिवक्ता)
आ.एवं नि. सिरसा रोड कोहका भिलाई
मो. नं. 7987057743, 9300673466

### आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार जमील खान पिता स्व. शमशेर खान निवासी क्वा नं. 1/डी, सड़क नं. 12, सेक्टर 08, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला है, मेरे पक्षकार ने विक्रेता 1, राजीव देशलहरा पिता केसरी देशलहरा एवं 2, दिलीप देशलहरा पिता सिरेमल जी देशलहरा निवासी महाराजा चौक दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग. से उनके हक व स्वामित्व की भूमि मौजा बोरसी पूर्व (पंचशील सोसायटी सेक्टर बी अंदर भाग), प.ह.नं. 23, रा.नि.मं. दुर्ग-1, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 201/42 प्लाट नं. 09, रकबा 3000 वर्गफीट अर्थात 278.81 वर्गमीटर को मेरे पक्षकार ने खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दिया है। जिसकी नामांतरण की कार्यवाही शेष है। अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को इस विक्रय के संबंध में आपत्ति हो तो मेरे पक्षकार के समक्ष आज दिनांक से 15 दिन के भीतर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नामांतरण उपरांत आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जायेगा।

अतः सूचना जारी है।

अधिवक्ता
मुरारी प्रसाद देवांगन
जिला न्यायालय, दुर्ग
Mob. 7987638027

## मंत्री गजेन्द्र यादव ने की रोपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



मंत्री गजेन्द्र यादव शुक्रवार को अपने गृहग्राम अहिवारा के समीप स्थित माटरा गांव के खेत पहुंचे। किसानों के साथ खेती के कार्यों में शामिल हुए। स्वयं ट्रैक्टर चलाकर धान रोपाई से पहले खेत की मताई की तथा लगभग दो एकड़ खेत को रोपाई के लिए तैयार किया। उन्होंने खेत का निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता और खेती की तैयारियों की जानकारी ली तथा समय पर निंदाई-गुड़ाई करने की सलाह दी। इसके बाद खेत में धान रोपाई का कार्य प्रारंभ कराया। वे मंत्री बनने के बाद भी गजेन्द्र यादव अपनी खेती की स्वयं देखरेख करते हैं और हर वर्ष खेती के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। उनका मानना है कि किसानों की मेहनत और खेती का महत्व समझने के लिए खेत से जुड़ाव बनाए रखना आवश्यक है।

## शक्ति केंद्रों की मजबूती से बूथ होगा सशक्त



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी कैम्प मंडल के मंडल कार्यालय में शक्ति केंद्र परिचयात्मक मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य शक्ति केंद्र अंतर्गत आने वाले बूथों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करना, संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाना तथा आगामी नगरीय निकाय चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाना रहा। मंडल प्रभारी प्रेमलाल साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सबसे बड़ा आधार उसका बूथ स्तर तक फैला सशक्त संगठन है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार तथा संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बूथ समितियों को सक्रिय करने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संजय जायसवाल ने नमो एप एवं सरल एप के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह ने कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए प्रत्येक

## HMGM जन सेवा समिति (मोदी ग्रुप) द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का अंतिम दिवस सफलतापूर्वक संपन्न





भिलाई। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में HMGM जन सेवा समिति (मोदी ग्रुप) के अध्यक्ष लोकेश पांडे के द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का पाँचवा दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रांत संचालक बिसरा राम यादव जी, शंकराचार्य कॉलेज के डायरेक्टर श्री आई.पी मिश्रा जी , विनोद उपधाय जी शिक्षा प्रकोष्ठ , युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, OBC मोर्चा से तुलसी साहू जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी सम्मानित अतिथियों ने स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया तथा समिति द्वारा किए जा रहे जनसेवा के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने का प्रभावी माध्यम हैं और सेवा भावना को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतिथियों ने HMGM जन सेवा समिति (मोदी ग्रुप) के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी आयोजनों के निरंतर सफल संचालन हेतु अपनी शुभकामनाएँ प्रदान कीं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण की भावना को पहुँचाना है। इसी संकल्प के साथ भविष्य में भी विभिन्न सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता राजेश प्रसाद, कृष्णा चौहान, विनय टंडन, कुणाल अगसे, अक्षय सिंह, प्रवीण सिंह, अनुप पांडे आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सर्प दंश से मौत

**धमधा।** ग्राम बड़े बीरेझर निवासी भैरो नंद वर्मा (34) की सर्प दंश से मृत्यु हो गई। भैरो सुबह-सुबह अपने खेत में भिंडी की फसल



देखने गए थे। तभी उनका पैर सांप पर पड़ा और सांप ने डंस लिया। उन्हें तत्काल चंदू लाल अस्पताल भिलाई ले जाया गया। जहाँ दूसरे दिन भैरव की मृत्यु हो गई। भैरव की मृत्यु से गाव में शोक छा गया। मृतक अपने परिवार का इकलौता भरण पोषण करने वाला था। उसके निधन से परिवार के भरण पोषण की संमस्या आन पड़ी है। मृतक की पत्नी और दो छोटे बच्चे है। मृतक की पत्नी ने शासन प्रशासन से सहयोग राशि की अपील की है।

### ठेठवार समाज सदस्यता पत्रक का हुआ विमोचन



**उतई।** ग्राम मोरिद में दुर्ग राज ठेठवार यादव समाज का सामाजिक कार्यक्रम रखा गया।जहां समाज के वरिष्ठ सियान छत्तीसगढ़ी लोकगायक खुमान सिंह यादव, राज अध्यक्ष राजकुमार यादव, रामनाथ यादव, अशोक यादव, श्रीराम एवं गोविंद यादव के हाथों ठेठवार समाज सदस्यता पत्रक का हुआ विमोचन किया गया। इस दौरान ठेठवार यादव समाज दुर्ग राजपार के समस्त पंचगण समस्त कुटुंम्ब जन सामाजिक पदाधिकारी गणों ने सामाजिक विषयों पर वृहद चर्चा की। विमोचन पश्चात क्षेत्रीय पंच एवं राज अध्यक्ष द्वारा स्थानीय सामाजिक जनों को सदस्यता पत्रक प्रदान किया। राज के पूरे 112 गांव एवं शहर सहित सभी स्वजातीयजनों को उनके क्षेत्रीय पंच प्रमुख के माध्यम से यह प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर आगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन को लेकर भी चर्चा हुई। अंत में वृक्षारोपण उपरांत गौ रक्षा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जनक यादव, दिलहरण यादव, राजकुमार , पवन यादव, हरप्रसाद, जगन्नाथ यादव, शेखर यादव, छन्नु यादव, कृष्णा यादव, शत्रुहन यादव मौजूद थे।

### खारुन ग्रीन कॉलोनी कुम्हारी में तरुणी शाखा शुरु

**कुम्हारी।** राष्ट्रीय सेविका समिति कुम्हारी के मार्गदर्शन से तरुणी शाखा का शुभारंभ हुआ। समिति की सेविका नीलम कोशले एवं प्रीति ने खारुन ग्रीन्स कॉलोनी में आकर के बच्चों को शाखा के बारे में जानकारी दी। कुबेरेश्वर महादेव धाम मंदिर प्रांगण कुम्हारी में करीब 15 से 17 बालिकाओं ने इस शाखा में अपनी रुचि दिखाई। समिति की दुर्ग जिला संभाग प्रभारी राखी विश्वास, जिला कार्यवाहिका एवं संभाग सह प्रभारी नीलम कोशले , राष्ट्र सेविका समिति कुम्हारी की नगर कार्यवाहिका योगिता पटेल का सभी ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति कुम्हारी की मां महामाया शाखा के मार्गदर्शन से यह शाखा मां सौम्या दुर्गा मैया तरुणी शाखा के नाम से अनवरत चलती रहेगी।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन को बोल बम कांवर यात्रा में किया आमंत्रित



**पाटन-सेलूद।** बोल बम कांवर यात्रा समिति, पाटन के संयोजक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य भेंट की। जिसमें उन्हें 17 अगस्त को आयोजित होने वाली विशाल बोल बम कांवर यात्रा महोत्सव में आमंत्रण किया। इस अवसर पर वर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष जी को यात्रा की रूपरेखा, तैयारियों एवं आयोजन के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के तीसरे सोमवार को पाटन से टोलाघाट तक हजारों शिवभक्तों की सहभागिता से भव्य कांवर यात्रा निकाली जाएगी।

# सुविधा विहीन जगह पर बना महतारी सदन, महिलाओं की पहुंच हुई मुश्किल

## पंचायत की लापरवाही से खाली पड़ा है सदन, पक्का रास्ता और बुनियादी सुविधाओं की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई महत्वाकांक्षी 'महतारी सदन योजना' जमीनी स्तर पर अपने उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है।

योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक सर्वसुविधायुक्त 'महतारी सदन' भवन का निर्माण किया जाना है। इस भवन में महिलाओं को विभिन्न प्रकार के कौशल प्रशिक्षण, स्व-सहायता समूहों के संचालन और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। लेकिन जिले के ग्राम पंचायत अंडा में बना महतारी सदन भवन इस योजना की मंशा



पर पानी फेर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि भवन का निर्माण ऐसी जगह पर किया गया है जहाँ महिलाओं के आने-जाने के लिए न तो पक्का रास्ता है और न ही बैठने, और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि दूर-दराज से प्रशिक्षण लेने आने में उन्हें भारी परेशानी होती है। बरसात के दिनों में तो स्थिति और खराब हो जाती है। सुविधाओं के अभाव के कारण भवन अधिकांश समय बंद रहता है और उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों ने बताया कि सरकार की मंशा अच्छी है, लेकिन पंचायत द्वारा स्थान का चयन गलत होने से पूरा उद्देश्य विफल हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि भवन को सुलभ स्थान पर शिफ्ट किया जाए या फिर वर्तमान स्थान पर तत्काल रास्ता, बैठने की व्यवस्था की जाए। इस संबंध में हेमेंद्र चन्द्रकार का कहना है कि शिकायत उच्च अधिकारियों को शिकायत दी गई है। वहीं ग्रामीणों ने विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्रकार, कलेक्टर, से हस्तक्षेप कर समस्या के समाधान की मांग की है। अगर समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बना लाखों का यह भवन सिर्फ शोपीस बनकर रह जाएगा।

## जामगांव आर के 33 गांव की बिजली व्यवस्था पड़ रही भारी

# हेल्पर के भरोसे 15 और लाइनमैन देख रहे मात्र 9 गांव, जूझ रहे अंचल के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की जामगांव आर ऑफिस में अव्यवस्था का आलम ऐसा छाया हुआ कि हेल्पर और संविदा कर्मी के हाथों आमजनता को विद्युत सुविधा देने की कवायद चल रही है। बारिश के दिनों में गर्जन होते ही विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती है जिससे चाहूँ ओर अंधेरा छा जाता है। जबकि बारिश के दिनों में उमस और जहरीले सर्प-बिच्छू से बचाव हेतु सजगता के लिए विद्युत की सख्त आवश्यकता होती है।

कनिष्ठ यंत्री का मुख्यालय जामगांव आर में नहीं है इसलिए इन्हें बिजली आपूर्ति ठप होने की तकलीफ का एहसास भी नहीं हो सकता। ये जहाँ से भी आना जाना करते है वांछित सुविधा का अभाव चर्चित है। जामगांव आर के अंतर्गत 33 गांव का जिम्मा कनिष्ठ यंत्री पर है। इन्हें गाडाड़ीह का अतिरिक्त प्रभार और दे दिया गया है। उपभोक्ता भटकने विवश है। विभाग की मनमाफिक प्रक्रिया पूर्ति के बाद भी कार्य लंबित होकर आश्वासन के झूले में झूले जा रहे है। ऑफिस में हमेशा मिलने वाले कार्यालय सहायक जितेंद्र वर्मा पूर्ण रूपेण जानकारी देने में सक्षम नहीं होते है।

जामगांव आर विद्युत केंद्र ऑफिस को 33 गांव देखना है। जामगांव आर मुख्यालय के

### अधिकारियों के टालमटोल रवैये से किसान नाखुश



अंतर्गत बेलहारी और बटरेल सब स्टेशन है बटरेल सब स्टेशन के 9 गांव को देखने एक लाइनमैन और सहायक लाइन मेन की सुविधा उपलब्ध है जबकि मुख्य मुख्यालय के अंदर 15 गांव की जवाबदारी हेल्पर के हाथों सौंप दी गई है। जामगांव आर में 1980 के पहले से विद्युत विभाग है और कनिष्ठ यंत्री मुख्यालय में रहकर आम जनता का दर्द समझा करते थे समस्याओं का त्वरित निदान भी करते देखे जाते है। वर्षों पूर्व पदस्थ रहे कनिष्ठ यंत्री के. के. देशमुख के जाने के बाद जामगांव आर ऑफिस का काम अधिकारी विहीन लगने लगा है जिससे आमजनता में आक्रोश स्वाभाविक है क्योंकि काम में शिथिलता आने लगी।

जामगांव आर के एक किसान ने खेत में पंप नहीं चल पाने की शिकायत कनिष्ठ यंत्री से किए हल नहीं मिलने पर एई भूपेश वर्मा से फोन संपर्क साधे। आश्वासन मिला और साथ ही डीई दीपक से संपर्क किए किसान इनके व्यवहार पर भी असंतुष्ट हुए और नाराजगी व्यक्त करते हुए अपनी अधूरी बात रख पाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार लंबे ट्रेनिंग के बाद जामगांव आर में ऋचा साहू ने कनिष्ठ यंत्री के रूप में सेवा देना प्रारंभ किया और गाड़ाडीह का प्रभार भी इनके पास है। जामगांव आर, गाड़ाडीह और सेलूद के बड़े अधिकारी एई भूपेश वर्मा है।

### पर्याप्त अधिकारी कर्मचारी देकर सुचारू सेवा की मांग उठी

मिली जानकारी के अनुसार जामगांव आर के 15 गांव को हेल्पर नरेश मेश्राम और संविदा कर्मी रामावतार के साथ मिलकर देखते है। बटरेल सब स्टेशन रिवागहन के मात्र 9 गांव के लिए लाइनमैन शंकरलाल साहू और सहायक लाइनमैन जासु सिंह जैसे सीनियर अधिकारी की सेवा मिल रही है। संविदा कर्मी शेखर साहू बेलहारी को मैनेज करने में व्यस्त रहते है। पदोन्नत होकर टेक्नीशियन बने मिथलेश यादव और ठेका कर्मी का सहयोग मिलता है। पर्याप्त स्टॉफ की पोस्टिंग कर विभाग सुचारू सेवा प्रदान करे आम जनता ने मांग रखी है।

वहीं कनिष्ठ यंत्री ऋचा साहू ने बताया कि वे उप संभाग सेलूद जामगांव आर ,गाड़ाडीह सेलूद कार्यालय में समयानुकूल सेवा देते है। जामगांव आर विद्युत लाइन का काम नरेश मेश्राम और रामावतार ठाकुर मैनेज करते है, जो लाइनमैन नहीं है।



# कांग्रेस का स्मार्ट मीटर हटाओ पुराने मीटर लगाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग/धमधा

कांग्रेस का स्मार्ट मीटर हटाई, पुराने मीटर लगाओ अभियान गुरुवार को धमधा से शुरू हुआ। अभियान के तहत बिजली उपभोक्ताओं से आवेदन पत्र भरवाने एवं आवेदन वितरित करने का कार्य प्रारंभ किया गया। यह आवेदन संबंधित क्षेत्रीय बिजली विभाग के अधिकारियों के नाम संबोधित हैं, जिनके माध्यम से उपभोक्ता अपने घरों में लगाए गए स्मार्ट मीटरों को हटाकर पुनः पुराने मीटर लगाए जाने की मांग कर रहे हैं। अभियान की शुरुआत में धमधा नगर में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने स्वयं आवेदन पत्र भरकर अभियान की शुरुआत की तथा संकल्प लिया कि आने वाले दिनों में कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रत्येक बिजली उपभोक्ता तक पहुंचेंगे, आवेदन पत्र वितरित करेंगे, उन्हें भरवाएंगे तथा सभी आवेदन एकत्रित कर सामूहिक रूप से बिजली विभाग के संबंधित कार्यालयों में जमा कराएंगे।

■ पूरे जिले में चलेगी मुहिम, कांग्रेस के कार्यकर्ता पहुंचेंगे घर-घर

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनता की सहमति और जानकारी के बिना बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटर लगाए हैं। उपभोक्ताओं की अनुमति के बिना लगाए गए इन स्मार्ट मीटरों के कारण आम लोगों में भारी असंतोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद अनेक उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में अत्यधिक बिजली बिल प्राप्त हो रहे हैं, जिससे मध्यम वर्ग, गरीब परिवार, किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी तथा आम उपभोक्ता आर्थिक रूप से परेशान हैं। राकेश ठाकुर ने कहा कि जनता चाहती है कि उनकी सहमति के बिना लगाए गए स्मार्ट मीटर हटाए जाएं और पुनः पुराने बिजली मीटर लगाए जाएं। इस दौरान शिव कुमार वर्मा, राजीव गुप्ता, शमशीर कुरैशी, दानेश्वर साहू, मधुसूदन राणा, जीवन निर्मलकर, पप्पू सोनवानी, राज पटेल, राजेश मानिकपुरी, जालम पटेल, दिलीप वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर के विद्यार्थियों ने नशा के विरुद्ध गगन भेदी नारे लगाते हुए गाजे बाजे के साथ अलख जगाने गांव की गलियों में कतारबद्ध जुलूस निकालकर भ्रमण किए।

■ नशा मुक्त और सात्विक विचारों जीवन संवरता है : प्राचार्य डॉ. भारती

नशा मुक्ति जागरूकता रैली में बच्चों ने पोस्टर बैनर एवं स्लोगन तथा नारों से लोगों को नशा के प्रति जागरूक किया । प्राचार्य डॉ. भारती



के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान की सर्वत्र सराहना हुई। रैली में सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं ने सक्रिय भागीदारी दी। प्राचार्य डॉ. भारती ने कहा कि सात्विक खान पान सात्विक विचारों से युक्त जीवन सुंदर सुहाना होता है। नशा जीवन को नष्ट करती है तन और मन को खराब करती है। मान सम्मान प्रतिष्ठा को धूमिल करती है। घर-परिवार व समाज को बर्बाद करती है। उन्होंने कहा कि सबका परिवार सुखी रहे नशा मुक्त रहे उत्तरोत्तर विकास की ऊंचाइयों की ओर गतिमान रहे यह मंगल भावना आप हम सबकी होनी चाहिए।

# जामुल का गार्डन संवरेगा 75 लाख से

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल स्थित मुख्य गार्डन की तस्वीर बदलने का काम नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा किया जा रहा है। इस लेकर शिवपुरी स्थित गार्डन को सवारने के लिए भूमिपूजन किया गया है। श्री ठाकुर ने बताया कि वार्ड 18 शिवपुरी का यह गार्डन जामुल पालिका का मुख्य एवं सबसे बड़ा गार्डन है। जिसको सवारने के लिए गार्डन में 75 लाख रूपये के लागत से उन्नयन कार्य किया जाएगा। गार्डन के सवरने से पूरे नगर वासियों को भव्य एवं मनोरम स्थल मिलेगा। जामुल का यह सबसे बड़ा गार्डन है। जहां बच्चे, युवा वर्ग, बुजुर्गगण सुबह शाम नियमित रूप से सैर करने पहुंचते है। गार्डन को बड़े रूप में सर्व सुविधा युक्त बनाया जा रहा है। अपने परिजनों के साथ समय अनुसार सुकुन के



पल यहां गुजारने सके। जामुल पालिका हर वर्ग के लिए विशेष कार्य होता रहा है। जामुल के विकास के लिए मार्गदर्शक के रुप में बुद्धिजीवी वर्ग है। भूमिपूजन में वार्ड पार्षद तिलेश्वर देवांगन, पार्षदगण चूम्मन वर्मा, दीपक गुप्ता, रामदुलार साहु, ईश्वर उपाध्याय, प्रतीक अग्रवाल, बाली बर्मन, उमेश निर्मल, उप अभियंता सचिन भागवत, पुरूषोत्तम सोनी समेत कर्मी मौजूद थे।



### जन्मोत्सव पर दिया नेवता भोज

**अण्डा।** जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में स्नेह एवं सेवा भाव के साथ नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता, शासकीय महाविद्यालय निकुम के अध्यक्ष एवं ग्राम भोथली के पूर्व सरपंच सुरेश साहू ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों के साथ भोजन किया तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शिक्षक प्रमोद बलवर, चंदन साहू, फागुराम यादव, अरुण निषाद, खेदूराम, मीरा साहू, कांति यादव एवं सुनीति निषाद सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विधायक ललित ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम डुंडेरा, गोविंद होटल के पास एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। विधायक ललित चंद्राकर ने स्वयं पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं है, यह आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह वृक्षारोपण कर उनका संरक्षण करें। प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए



अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर हरित और स्वच्छ भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लें। इस अवसर पर राजू राकेश जंघेल, गोविन्द साहू, विक्की चंद्राकर, हरीश नायक, रोहित धनकर, पुनाराम कलिहारी, इंद्रजीत सोनी आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**दुर्ग।** दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है।




सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।



## खबर संक्षेप

### बालाराम बने सचिव



**भिलाई।** भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन कॉउसिंल ने वार्ड 16 कुरुद भिलाई निवासी बालाराम कोलते को संगठन का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति बीजेएमटीयूसी के नेशनल प्रसीडेंट ब्रजेश शर्मा ने किया है। बालाराम की नियुक्ति पर युवाओं में हर्ष है।

### माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान कार्यशाला



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीजी ग्रुप ऑफ माइंस के लिए आयोजित 5 दिवसीय माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान (एमएसएमपी) – इम्प्लीमेंटेशन एवं रिव्यू" प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला राजहरा स्थित माइन वेस्टिब्यूल ट्रेनिंग सेंटर (एमवीटीसी) में शुरु हुई। उद्घाटन कार्यपालक निदेशक (खदान) कमल भास्कर ने किया।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं अनुभवों को अपने कार्यस्थलों पर प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया। कार्यशाला के प्रथम दो दिनों में एमएस दत्ता माइनिंग कंसल्टेंसी के सुरक्षा विशेषज्ञ एवं पूर्व उप महानिदेशक एसके दत्ता द्वारा राजहरा मैकेनाइज्ड माइंस, दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस, झरनदल्ली, महामाया, हिर्री, कलवर, रावघाट तथा नंदिनी चूना पत्थर खदान के अधिकारियों एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षकों को विस्तृत सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान की तैयारी, क्रियान्वयन, समीक्षा तथा सतत सुधार की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। व्यावहारिक उदाहरणों एवं संवादात्मक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों की जमीनी स्तर की अनेक शंकाओं का समाधान भी किया गया, जिससे वे अपने-अपने खदानों में एमएसएमपी को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए तैयार हुए।

# चार दिन बाद खुला मौसम, खेती-किसानी का काम 85 से बढ़कर 100% पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिले में लगातार बारिश के बाद चार दिनों तक मौसम साफ रहने से खेती-किसानी के कार्यों में तेजी आ गई है। खेतों में पर्याप्त पानी भर जाने के कारण किसान अब धान की रोपाई (रोपा) में पूरी ताकत से जुट गए हैं। कुछ सप्ताह पहले तक बारिश की अनिश्चितता के कारण किसान चिंतित थे और बोनी का कार्य लगभग 85 प्रतिशत तक ही पहुंच पाया था, लेकिन हाल के दिनों में हुई अच्छी वर्षा और उसके बाद मिले अनुकूल मौसम से कृषि गतिविधियों में उल्लेखनीय तेजी आई है। अब जिले में बोनी का प्रतिशत लगभग 100 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

## अब तक दुर्ग जिले में 409 मिमी औसत बारिश हो चुकी

### सीधे बोनी में लक्ष्य से 102 प्रतिशत पूर्ण

धान की खेती में सबसे अधिक प्रगति सीधे बोनी पद्धति में देखने को मिली है। सीधे बोनी का लक्ष्य 84,979 हेक्टेयर था, जबकि 86,988 हेक्टेयर क्षेत्र में यह कार्य पूरा हो चुका है। यानी लक्ष्य का 102.36 प्रतिशत क्षेत्र कवर हो गया है। इसी प्रकार लेही चोपी पद्धति में 112.86 प्रतिशत तथा कतार बोनी में 109.57 प्रतिशत तक जा पहुंची।



### रोपाई भी होगी शुरू

धान की रोपा पद्धति में अभी अपेक्षाकृत कम प्रगति हुई है। 35,310 हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले केवल 13,752 हेक्टेयर में रोपाई हुई है, जो 38.95 प्रतिशत है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि रोपा कार्य मुख्य रूप से वर्षा की निरंतरता पर निर्भर करता है और आने वाले दिनों में इसमें तेजी आएगी। वहीं धान की नर्सरी तैयार करने का कार्य 90.23 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है।

### जिले में अब तक 409.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

जिले में 1 जून 2026 से 24 जुलाई 2026 तक 409.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 508.6 मिमी तहसील बोरी में तथा न्यूनतम 270.6 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 463.9 मिमी, तहसील पाटन में 502.7 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 388.3 मिमी और तहसील अहिवारा में 325.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### इस तरह मानसून है सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, दक्षिण पूर्व राजस्थान, गुना, सीधी, डाल्टनगंज और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग और उससे लगे बांग्लादेश के ऊपर स्थित है तथा यह 9.4 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 25 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## भिलाई में भू-माफियाओं का बोलबाला

# विधायक के विधानसभा में मुद्दा उठाने व पार्षद की 5 महीने में 3 शिकायतों के बाद भी प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग का खेल धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। ताज़ा मामला वार्ड-14 शांति नगर के कृपाल नगर क्षेत्र से सामने आया है, जहां नियमों को ताक पर रखकर बिना किसी सक्षम अनुमति के धड़ल्ले से अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर मुद्दे को वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन खुद विधानसभा में उठा चुके हैं, और स्थानीय कांग्रेस पार्षद अभिषेक मिश्रा पिछले 5 महीनों में तीन बार कलेक्टर से लिखित शिकायत कर चुके हैं, लेकिन भिलाई निगम, कलेक्टर दुर्ग और उनके अधीनस्थ आने वाला राजस्व विभाग के अधिकारी गहरी नींद में सोए हुए हैं। यूं तो कलेक्टर और निगम द्वारा खसरा ब्लॉक करने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सोशल मीडिया में अवैध प्लॉटिंग का ले-आउट धड़ल्ले से वायरल हो रहा है।

### मामला वार्ड-14 शांति नगर के कृपाल नगर क्षेत्र का




पार्षद की शिकायत के बाद भी भिलाई निगम अवैध प्लाटिंग को लेकर नहीं दे र
अवैध प्लाटिंग : विधायक ने विस में उ
सवाल, पार्षद ने कलेक्टर से लगाई गु
विधायक ने विधानसभा में उठाया था मुद्दा
कलेक्टर के कड़ी कार्रवाई के हैं निर्देश

### 5 महीने में तीसरी बार कलेक्टर के चौखट पर पार्षद, पर कार्रवाई सिफ़र

शांति नगर (वार्ड-14) के पार्षद अभिषेक मिश्रा ने 22 जुलाई 2026 को दुर्ग कलेक्टर को तीसरी बार ज्ञापन सौंपकर कृपाल नगर (सड़क क्रमांक 06 एवं आसपास) में हो रही अवैध प्लॉटिंग पर तत्काल रोक लगाने की गुहार लगाई है। इससे पहले वे 25 मार्च 2026 और फिर 15 अप्रैल 2026 को भी कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज करा चुके हैं। पार्षद का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद नगर निगम के अधिकारियों का रवैया बेहद सुस्त और उदासीन है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस अवैध प्लॉटिंग को तुरंत नहीं रोका गया, तो भविष्य में यहां बसने वाले आम नागरिकों को सड़क, पानी और नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ेगा।

### अमर इंफ्रास्ट्रक्चर व भू-स्वामी पर बिना अनुमति प्लॉट बेचने का आरोप

शिकायत पत्र के अनुसार मेसर्स अमर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (दुर्ग) के माध्यम से भू-स्वामी नरेंद्र राठी द्वारा कृपाल नगर की विस्तृत भूमि पर अवैध प्लॉटिंग का यह पूरा खेल खेला जा रहा है। उनके द्वारा खसरा क्रमांक 6810/5, 6810/6, 6810/7, 6810/8, 6810/9, 6810/10 एवं 6810/11 पर बिना टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की अनुमति (डायवर्शन) के छोटे-छोटे टुकड़े कर बेचे जा रहे हैं।

### पटवारी दे रहे भ्रामक जानकारी, वाट्सएप पर हो रही बुकिंग

शिकायत में यह भी खुलासा हुआ है कि संबंधित हल्के के पटवारी द्वारा प्रशासन को गुमराह करते हुए यह भ्रामक रिपोर्ट दी जा रही है कि वहां कोई अवैध प्लॉटिंग नहीं हो रही है, जबकि हकीकत इसके ठीक उलट है। पार्षद ने सबूत के तौर पर वाट्सएप ग्रुप्स में चल रही प्लॉटों की बुकिंग और बिक्री के स्क्रीनशॉट तथा नक्शे भी कलेक्टर को सौंपे हैं, जो साफ बयां करते हैं कि किस तरह नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

### कृपाल नगर ही नहीं, कोहका और कुरुद में भी पैर पसार चुका है नेक्सस

अवैध प्लॉटिंग का यह जाल सिर्फ शांति नगर तक सीमित नहीं है। पूर्व में आई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुरुद नकटा तालाब के नीचे अक्षरधाम कॉलोनी से लगी कई एकड़ खेतों की जमीन को मुरुम और डस्ट से पाटकर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। यहां भू-माफियाओं ने दबंगई दिखाते हुए एक बाउंड्रीवाल को तोड़कर अपना गेट तक लगा लिया है।

**कोहका** : ऐसी जानकारी मिली है कि समीर परवेज खान नामक व्यक्ति की जमीन का सौदा कर भू-माफिया इसे छोटे टुकड़ों में बेच रहे हैं, जबकि इस मामले में पहले भी जामुल थाने में एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

### कलेक्टर के सख्त निर्देश भी हुए बेअसर

दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कुछ समय पहले ही राजस्व अधिकारियों और निगम आयुक्तों को सख्त निर्देश दिए थे कि अवैध प्लॉटिंग करने वालों की सूची बनाकर उनके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। लेकिन भिलाई निगम के अधिकारियों की सांठगांठ या लापरवाही के चलते जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है, जिससे आम जनता अपनी गाढ़ी कमाई गंवाने को मजबूर है।

### पार्षद अभिषेक मिश्रा ने प्रशासन से की मांग



1. उक्त सभी खसरा नंबरों के क्रय-विक्रय पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए।
2. संबंधित कॉलोनाइजर भू-स्वामी और भ्रामक जानकारी देने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की निष्पक्ष जांच कर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## रिसाली निगम बढ़ाएगा संसाधन वाहन के लिए दूसरे निकाय पर नहीं रहना पड़ेगा आश्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महापौर शशि सिन्हा ने नगर निगम रिसाली का संसाधन बढ़ाने का फैसला लिया है। उन्होंने महापौर परिषद की बैठक में सक्शन कम जेटिंग मशीन, हॉपर टिपर, डम्फर और ई कार्ट खरीदने पर मुहर लगाई है। परिषद की बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। आमतौर पर रिसाली निगम को बड़े सेप्टिक टैंक की सफाई करने सक्शन मशीन के लिए दूसरे निकाय पर निर्भर रहना पड़ता था। अब रिसाली के पास खुद का वाहन होगा। शुक्रवार निर्णय लिया गया कि तीन-तीन हजार लीटर क्षमता वाले दो वाहन की खरीदी की जाऐगी। सक्शन मशीन के साथ तीन हजार लीटर की जेटिंग सुविधा भी रहेगी। इसके अलावा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए 33 नग ई कार्ट की भी खरीदी की जाएगी। यही नहीं हॉपर टिपर डम्फर 2 नग खरीदने का अंतिम निर्णय लिया गया। महापौर परिषद के सदस्यों का कहना था कि संसाधन बढ़ने से दूसरे निकाय पर निर्भरता पूरी तरह खत्म हो जाएगी। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य जहीर अब्बास, सनीर साहू, अनिल देशमुख, संजू नेताम, रोहित धनकर, ममता यादव, रंजीता बेनुआ, जमुना ठाकुर के अलावा आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत अन्य विभाग प्रमुख मौजूद थे।

■ मेयर इन कौसिंल की बैठक में लिया निर्णय

### गौधाम योजना के तहत संचालित होगा नेवई गौठान

वर्तमान में गोठान का संचालन रिसाली निगम करता था, जहां घुमंतू मवेशियों को पकड़कर रखा जाता था। अब राज्य सरकार की योजना के तहत गोठान का संचालन गोधाम योजना के तहत किया जाएगा। इसके लिए व्योम इंटरप्राइजेस तालपुरी को अधिकृत किया गया है।

## पीएम आवास योजना के 348 आवेदनों की निकाय स्तरीय समिति ने जांची पात्रता

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में झुग्गी बस्ती एवं गैर स्लम क्षेत्रों में किरायेदार के रूप में निवासरत परिवारों से आवास योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लगातार आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। योजना के तहत परिवारों द्वारा वर्तमान में कुल 348 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं प्राप्त आवेदन पत्रों की पात्रता संबंधी जांच एवं दस्तावेजों के परीक्षण के दौरान 340 आवेदन पूर्ण एवं पात्र पाए गए, जबकि आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में 08 आवेदन अपूर्ण (अपात्र) पाए गए हैं। पूर्ण एवं अपूर्ण दस्तावेजों सहित जमा किए गए समस्त आवेदन पत्रों को पात्रता की जांच एवं परीक्षण के लिए निकाय स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। इसी क्रम में गुरूवार को नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार कक्ष में निकाय स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान-मोर आस घटक के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों का बारीकी से परीक्षण किया गया। समिति द्वारा आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं पात्रता संबंधी आवश्यक मापदंडों का अवलोकन करते हुए आवेदन पत्रों की जांच की गई। बेघर परिवारों को लगातार आवास हेतु आवेदन वितरण किया जा रहा है, जिसे आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर जमा भी कराया जा रहा है। नगर निगम के आवास शाखा द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों को समिति के समक्ष प्रस्तुत कर परीक्षण उपरांत पात्र हितग्राहियों को सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर 10 प्रतिशत राशि जमा कराकर लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन की कार्यवाही किया जा रहा है।

# जंतर-मंतर में पत्रकारों से मारपीट की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ हुई कथित हिंसा, दुर्व्यवहार और उन्हें निशाना बनाए जाने की घटना के विरोध में न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर ने कड़े शब्दों में निंदा प्रस्ताव पारित किया। प्रेस क्लब भवन में आयोजित बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई गई।

वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं और उनके साथ किसी भी प्रकार की हिंसा, धमकी या उत्पीड़न पूरे लोकतांत्रिक तंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि कवरेज कर रहे पत्रकारों पर हमला, उनके साथ मारपीट, अभद्र व्यवहार, समाचार संकलन में बाधा उत्पन्न करना और भय का माहौल बनाना लोकतांत्रिक मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा स्वतंत्र पत्रकारिता पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में पत्रकारों के साथ इस तरह की हिंसा स्वीकार्य नहीं है। महासचिव दिलीप शर्मा ने घटना की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि भविष्य में कवरेज के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जानी चाहिए।

बैठक में सचिव जोगिंदर सिंह, गौकरण निषाद, सहसचिव भोपाल देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य पी मोहन आदि ने भी अपने विचार रखे। बैठक में न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर ने सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया।



■ न्यू प्रेस क्लब भिलाई की बैठक में पत्रकारों के सुरक्षा की उठाई मांग

### छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन



**भिलाई।** सुपेला घड़ी चौक में शुक्रवार को मूलनिवासी संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद संघ ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक के विरोध में चल रहे छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई, छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के बैकुंठपुर स्थित आईसी मार्ट में एक नाबालिग आदिवासी छात्र के साथ कथित मारपीट और मानसिक प्रताड़ना के बाद हुई मौत के मामले में भी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। मूलनिवासी संघ ने राष्ट्रपति से दोनों मामलों में हस्तक्षेप कर न्याय सुनिश्चित करने और छात्रों एवं आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से मूलनिवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र मेश्राम, जिला उपाध्यक्ष जी अरुण कुमार, महासचिव आर जॉनसन, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दशरथ प्रसाद अहिरवार, समता सुरक्षा सैनिक दल के आनंद रामटेके, जन संघर्ष मोर्चा के प्रसाद राव, एम जॉन्सन, पैकरा समाज के पिंटू पैकरा, डॉ. दीक्षित झुंझरे, पुष्पांजलि बंजारे, एम जोनाथन, सीटू के पूर्व सदस्य डीवीएस रेड्डी, मोजेस लोगन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और समाज के लोग उपस्थित थे।

## बीएमएस की नई कार्यकारिणी गठित



■ दिनेश महामंत्री, प्रदीप अध्यक्ष व वीबी सिंह कार्यकारी अध्यक्ष बने

**भिलाई।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ (बीएमएस )की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। दिनेश कुमार पांडे महामंत्री प्रदीप कुमार पाल को अध्यक्ष और वंश बहादुर सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है l बीएमएस के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सीवी राजेश द्वारा सेक्टर 6 यूनियन कार्यालय में कार्यकारिणी की घोषणा बाद यूनियन पदाधिकारियो ने आईआर विभाग में ई फॉर्म की कॉपी प्रबंधन को सौंपा। भिलाई इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री चन्ना केशवलू को भाजपा क भिलाई जिला का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उनके महामंत्री पद से इस्तीफा देने से यूनियन में महामंत्री का पद रिक्त हो गया । बाद यूनियन की नई कार्यकारिणी के गठन किया गया। एनजेसी सीएस में सदस्य वंश बहादुर सिंह के नेतृत्व में 11 इंटक नेताओं ने भिलाई इस्पात मजदूर संघ बीएमएस ज्वाइन किया था, जिन्हें भी नई कार्यकारिणी में पदाधिकारी बनाया गया । सीवी राजेश दिनेश पांडेय ने कहा कि वंश बहादुर सिंह अनुभवी और सभी को साथ लेकर चलने वाले यूनियन नेता है इनके बीएमएस में आने से हमारी यूनियन को और अधिक मजबूती मिलेगी ।

### अब यह हैं नए पदाधिकारी

इंटक छोड़कर बीएमएस में शामिल होने वालों में वीबी सिंह सहित एस रवि, अरविंद प्रताप सिंह, घनश्याम पांडेय, बिन्नी पाल, शैलेश कुमार, श्रवण सिंह, पुरोहित के.वेणुगोपाल, सुरेंद्र प्रसाद, दक्ष कुमार मौर्य वविजय कुमार यादव । नई कार्यकारिणी महामंत्री -दिनेश कुमार पांडे अध्यक्ष -प्रदीप कुमार पाल कार्यकारी अध्यक्ष -वंश बहादुर सिंह उपाध्यक्ष -इंद्रमणि प्रसाद मिश्रा जगजीत सिंह सुधीर गढ़ेवाल गंगाराम चौबे अखिलेश उपाध्याय घनश्याम पांडेय अरविंद प्रताप सिंह ए वेंकट रमैया संयुक्त महामंत्री - हरिशंकर चतुर्वेदी अनिल गजभिए भूपेंद्र बंजारे जोगेंद्र कुमार गौरव कुमार एस रवि मृगेंद्र कुमार बिन्नी पाल संजय कुमार सकुरे राकेश उपाध्याय कोषाध्यक्ष- रवि चौधरी सहायक कोषाध्यक्ष -अनिल कुमार शुक्ला सचिव- संतोष सिंह पूरनलाल साहू नागराजू राजेंद्र सिंह ठाकुर काकुली दत्ता नाजिर हुसैन खान कुलदीप सिंह शैलेश कुमार चंद श्रवण सिंह पुरोहित विजय कुमार यादव के वेणुगोपाल राजीव सिंह सुरेंद्र प्रसाद दक्ष कुमार मौर्या ग्रिटल बी पाल सुबोदीप सरदार प्रशांत कुमार मुरारी कुमार शामिल हैं।

## निरीक्षण की जानकारी ट्रांसपोर्टरों को नहीं, जल्द हो समस्याओं का निदान

# आयुक्त ने ट्रांसपोर्ट नगर का किया निरीक्षण, नजर नहीं आए जर्जर पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वर्षों से बरसात के मौसम में टापू बन जाने की विकट समस्या से जूझ रहे औद्योगिक क्षेत्र ट्रांसपोर्टनगर हथखोज के सैकड़ों ट्रांसपोर्टरों ने सोचा था कि अब इसके पुनर्विकास हो जाने से निजात मिल जाएगी। लेकिन विलंब के चलते 8 साल में 80 प्रतिशत निर्मित ट्रांसपोर्टनगर उद्घाटन के पूर्व ही जर्जर पुल,पुलिया व स्ट्रीट लाइट आदि कई तरह की समस्याओं से गुजर रहा है। ट्रांसपोर्टरों के कई बार कलेक्टर से लेकर नगर निगम भिलाई तीन चरौदा के कमिश्नर तक शिकायत के बाद भी अब तक समस्या का निदान नहीं हुआ। शुक्रवार को अचानक समस्याओं के निरीक्षण के लिए पहुंचे कमिश्नर को यहां कोई समस्या नजर नहीं आई। ट्रांसपोर्टरों के मुताबिक कमिश्नर के निरीक्षण करने पहुंचने की जानकारी हमें नहीं है। वहीं कमिश्नर का कहना है कि मैं ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से भी मौके पर मिलकर ट्रांसपोर्टनगर की समस्याओं से अवगत हो लूंगा।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1993 में ट्रांसपोर्टरों को जीई रोड पावरहाउस से औद्योगिक क्षेत्र से लगे मैदान में शिफ्ट किया गया था। यह बारिश के मौसम में तालाबनुमा पानी भर जाने ट्रकें डूबने व भारी कीचड़ में फंसकर पटलते व दुर्घटनाओं की समस्या लाइलाज हो चली थी। ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की वर्षों की मांग के बाद पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2019 में फेस 1 फेस टू के रुप में ट्रांसपोर्टनगर का नवनिर्माण शुरु हुआ लेकिन अब तक मात्र करीब 80 प्रतिशत ही बन कर तैयार हो सका है। यहां अवैध कब्जों, जर्जर पुलिया, गाड़ियों के जाम लगने, नालियों व जलजमाव आदि की समस्याओं से ट्रांसपोर्टर व संबंधित लोग जूझ रहे हैं। फेस 1 मे डिवाइडर के दूसरी ओर की सड़क आवागमन के लिए अब तक नहीं खोलने व बीचोंबीच गड़े बिजली पोल अब तक नहीं हटाने, महीनों से खड़ी गाड़ियों को नहीं हटाने ने से जाम व चोरियों आदि समस्याओं से क्षेत्रवासी परेशान हैं। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि कई बार कलेक्टर व कमिश्नर से मिलकर मांगपत्र देने के बाद भी राहत नहीं मिली है। आज शुक्रवार को चरौदा भिलाई तीन निगम के कमिश्नर डीएस राजपूत अचानक समस्याओं से अवगत होने निरीक्षण के लिए ट्रांसपोर्टनगर पहुंचे । उनके पहुंचने की जानकारी न तो समस्याओं से परेशान ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को है और न ही क्षेत्रवासियों को ही हुई। छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि कमिश्नर के निरीक्षण करने की जानकारी हमें नहीं है। यदि निगम द्वारा हमें पूर्व से बताया जाता तो हम मौके पर पहुंचकर जाम होने, कब्जे व दोनों पुलिया व सड़क आदि समस्या से दिखाते। कई गाड़ियों अज्ञात लोगों ने महीनों से सड़कों पर खड़ी कर रखी हैं जिससे जाम व छिटपुट दुर्घटनाएं व झगड़े हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कमिश्नर श्री राजपूत ने बताया कि मैं दोपहर 3.30 बजे ट्रांसपोर्टनगर गया था लेकिन जर्जर पुलिया व सड़क व कब्जे नहीं दिखे। एक नहर पुलिया भिलाई नगर निगम के क्षेत्र में आती है।





### क्षेत्राधिकार को लेकर समस्या लंबित

ट्रांसपोर्टनगर में हथखोज रोड में नहर पर बना सालों पुराना पुल पूरी तरह जर्जर हो चुका है। वहीं ट्रांसपोर्टनगर फेस टू आने नहर पर बनी एक अन्य पुलिया भी जर्जर व संकरी हो चुकी है। दोनों पुलियाओं पर नई पुल बनाने क मांग ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन लंबे समय से कलेक्टर जनदर्शन व निगम कमिश्नर से कर रहे हैं। लेकिन अब तक संधारण किया गया और न ही नए पुलिया ही बनाने की जहमत जिम्मेदारों ने उठाई। ट्रांसपोर्टनगर हथखोज रोड पर रेलवे फाटक के निकट 40 साल पुराने पुल पर तारकोल उखड़ने से करीब 4 बाई 6 साइज के दर्जनभर से अधिक गहरे गड्ढे होने से सरिया ट्रकों आदि वाहनों पर फंस रहे हैं और पुल हिलता है। ट्रांसपोर्टरो ने बताया कि पुल पर से सैकड़ों टन भारी हाईव व सैकड़ों वाहन रोज गुजरते हैं। लेकिन निगम द्वारा अब तक नया पुल नहीं बनाने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसके अलावा फेस टू के निकट पुलिया भी संकरी व जर्जर होने से पुलिया टूटने से वाहन नहर में गिर सकते हैं। भिलाई तीन चरौदा निगम के आयुक्त श्री राजपूत से संपर्क करने पर बताए कि पुलिया भिलाईनगर निगम के क्षेत्र में आने से हम कुछ नहीं कर सकते हैं। बाकी समस्याओं पर दो चार दिन मे ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से मिलकर चर्चा कर लेंगे।





रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026

हरिभूमि लाइव

लाइव इवेंट

## आजाद के आदर्शों पर चलकर राष्ट्रहित में आगे आएं युवा



**भिलाई।** राष्ट्र की स्वाधीनता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर क्रांतिकारी पंडित चंद्रशेखर आजाद की जयंती कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच, मानव आश्रम सेक्टर-1, भिलाई दुर्ग द्वारा राष्ट्रीयता की भावनाओं के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान युवा अवस्था में ही देश की रक्षा और स्वतंत्रता के लिए जीवन समर्पित करने वाले पंडित चंद्रशेखर आजाद तिवारी की दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रभावशाली व्यक्तित्व को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. पी. सी. चौबे, सेवानिवृत्त अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग एवं प्राचार्य, शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर थे। अध्यक्षता पं. यू. के. दीक्षित, अध्यक्ष, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच ने की। मंच पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. संतोष दीक्षित, महासचिव पं. रविन्द्र मिश्रा और पूर्व महासचिव विनोदनी पाण्डेय उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज द्वारा शैक्षणिक और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर और विशिष्ट शिक्षा क्षेत्र में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले युवा-युवतियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में दीक्षा मिश्रा 97.6 प्रतिशत, श्रेयशी त्रिपाठी 96 प्रतिशत, अमन अवस्थी 94.4 प्रतिशत, हिमांशी बाजपेई बी.टेक 88.5 प्रतिशत, अनीश देव शुक्ला 81 प्रतिशत और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में सफल भागीदारी करने वाले ईशान दीक्षित शामिल थे।

कार्यक्रम का संचालन वंदना पाण्डेय ने किया। उपाध्यक्ष आलोक शुक्ला, सांस्कृतिक सचिव पं. राकेश कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमा अग्निहोत्री, विजय तिवारी, राजेश मिश्रा, ममता अवस्थी और श्रुति तिवारी ने विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर सतीश शुक्ला, गुरु प्रसाद तिवारी,अतुल अवस्थी, संदीप दीक्षित सहित समाज की नारी शक्ति और गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



# बहुड़ा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, रथों का आमने-सामने हुआ मिलन दोनों के पुजारियों ने एक-दूसरे के रथ पर जाकर की महाप्रभु की पूजा अर्चना

**भिलाई।** जय जगन्नाथ के जयकारों और भक्ति की धुनों के बीच महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी की बाहुड़ा यानी वापसी रथयात्रा में ट्विनसिटी डूबा दिखाई दिया। गुण्डिचा मंडप से श्री मंदिर की ओर लौटते समय सेक्टर-10 और सेक्टर-6 ए दोनों स्थानों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। छेरा-पंहरा, छप्पन भोग और कीर्तन के साथ पूरे शहर में भक्तिभाव का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सेक्टर 10 में शुक्रवार को रथयात्रा के अंतिम दिन भक्तों द्वारा बिना प्याज-लहसुन के घर पर बनाए गए 156 प्रकार के 306 भोग प्रभु को अर्पित किए गए। 7 मिलियन टन चौक पर से. 6 और से 4 के रथों का मिलन हुआ तथा दोनों के पुजारियों व पदाधिकारियों ने एक-दूसरे के रथ पर जाकर भगवान की पूजा अर्चना की।

महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी के वापसी रथयात्रा में उमड़ी भारी भीड़





### सेक्टर-6 एः वीसी एस.एन. शुक्ला ने किया छेरा-पंहरा

सेक्टर-6 ए मार्केट स्थित गुण्डिचा मंडप में भी बाहुड़ा यात्रा के लिए सुबह से ही धूम रही। शुक्रवार की सुबह 5 बजे महाप्रभु का श्रृंगार किया गया। मौसी गुण्डिचा ने विभिन्न सुगंधित फूलों से भगवान को सजाया। जिसके बाद 3 बजे महाप्रभु रथ पर सवार होकर श्री मंदिर के लिए रवाना हुए। परम्परा के अनुसार रास्ते में मौसी मां के यहां रुककर उनके हाथ का बना पोडो पीठा ग्रहण किया गया। यहां छेरा-पंहरा की रस्म रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.एन. शुक्ला द्वारा सम्पन्न की गई। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष दिलीप महंती, महासचिव अरुण पंडा, पर्व प्रभारी संजय साहू, पं. तुषार कांत महापात्रा सहित शरत बिस्वाल, रविंद्र साहू, शशिभूषण महंती, सन्यास साहू, सुभाष साहू, जितेंद्र भूइयां, राजीव भूइयां, हरि राउत, प्रभात त्रिपाठी, संतोष महाराणा, प्रशांत सामल, नीलमणि नायक, राजेंद्र पंडा, बलराम रथ, सीमांचल महंती, गौरी साहू और बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।



### सेक्टर-10 में संजय मिश्रा ने किया छेरा-पंहरा

जगन्नाथ समिति सेक्टर-4 के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के विग्रहों को पंहडी कर काष्ठ निर्मित भव्य रथ पर विराजमान किया गया। रथ सेक्टर-10 स्थित गुण्डिचा मंडप से निकलकर सेन्ट्रल एवेन्यू होते हुए सेक्टर-4 बोरिया मार्केट स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचा। इस वर्ष बाहुड़ा रथयात्रा के अवसर पर परम्परा अनुसार छेरा-पंहरा की रस्म मुख्य अतिथि समाजसेवी संजय मिश्रा द्वारा सम्पन्न की गई। पुरी में यह परम्परा महाराज निभाते हैं। छेरा-पंहरा के बाद भक्तों ने जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ रथ खींचना प्रारंभ किया। संजय मिश्रा ने महाप्रभु की पूजा अर्चना कर भिलाईवासियों की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर विशेष अतिथि सेफी चेयरमैन एवं बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर और जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सतपथी और महासचिव सत्यवान नायक उपस्थित थे।

### रथयात्रा में की अगुवायी

इस उत्सव में जगन्नाथ समिति के वीरेन्द्र सतपथी, महासचिव सत्यवान नायक सहित समिति के पदाधिकारी सर्वश्री त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, बी सी बिस्वाल, अनाम नाहक, डी त्रिनाथ, वृंदावन स्वांई, कैलाश पात्रो, कालू बेहरा, बसंत प्रधान, प्रकाश स्वांई, रवि स्वांई, बीस केशन साहू, कवि बिस्वाल, निरंजन महाराणा, रंजन महापात्र, जगन्नाथ पटनायक, निरंजन महाराणा, राजू बेहरा, सीमांचल बेहेरा, वी के होता, एस दलाई, लखन बिस्वाल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## प्रबुद्ध परिषद की मासिक संगोष्ठी कल, पं श्यामाप्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर होगी चर्चा



**भिलाई।** वैचारिक विमर्श को नई दिशा देने प्रबुद्ध परिषद छत्तीसगढ़ और राष्ट्रीय विचारधारा की संस्था ग्रामोदय मिलकर मासिक वैचारिक संगोष्ठी की श्रृंखला शुरू कर रहे हैं। इस श्रृंखला का पहला आयोजन 26 जुलाई को पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर किया जाएगा। जिसमें हर महीने अलग विषय पर चर्चा होगी। प्रबुद्ध परिषद और ग्रामोदय के संयुक्त तत्वावधान में हर माह अलग-अलग विषयों पर वैचारिक संगोष्ठी, परिचर्चा और व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय विचारधारा को समाज तक पहुंचाना और प्रबुद्धजनों को एक मंच पर लाना है। पहली संगोष्ठी का विषय वर्तमान भारत को पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी का प्रदेय रखा गया है। देश के एकात्मकता और राष्ट्रीयता के प्रणेता माने जाने वाले पंडित मुखर्जी के विचारों और योगदान पर विस्तृत चर्चा होगी। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा होंगे। विषय प्रवर्तन डॉ. ज्योति धारकर करेंगी। शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. हंसा शुक्ला समारोह की अध्यक्षता करेंगी। यह संगोष्ठी रविवार यानी कल शाम 4 बजे लक्ष्य प्रकल्प सभागार, सड़क-6, सेक्टर-4, भिलाई में संपन्न होगी। आयोजकों ने भिलाई के सभी प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों और विचारकों से उपस्थिति का आग्रह किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रबुद्ध परिषद के पदाधिकारी अजय डांगे, हेमंत नायडू, संजय कुमार मिश्र और ग्रामोदय की सचिव सुमन कन्नौजे ने कहा कि इस मासिक श्रृंखला के माध्यम से समाज में राष्ट्रीय चेतना को मजबूत किया जाएगा।

## लक्ष्मीबाई केलकर ने अपने जीवन चरित्र से समाज और राष्ट्र को दी नई दिशा



**भिलाई।** भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखने में महिलाओं का योगदान अनमोल रहा है। इसी परंपरा में राष्ट्र सेविका समिति की आद्य प्रमुख संचालिका वन्दनीय लक्ष्मीबाई केलकर ने अपने जीवन चरित्र से समाज और राष्ट्र को नई दिशा दी। कमल से लक्ष्मीबाई तक का सफर 6 जुलाई 1905, आषाढ़ शुक्ल दशमी को नागपुर के राम मंदिर गली में भास्कर राव दाते और यशोदा बाई दाते के घर कन्या का जन्म हुआ। गुलाबी कोमल काया देखकर डॉक्टर ने नाम रखा कमल। उस समय महिलाओं का घर से निकलना भी कठिन था, परंतु कमल के बाल मन पर स्वतंत्रता संग्राम और भूदान आंदोलन का गहरा प्रभाव पड़ा। युवा कमल पर सबसे अधिक प्रभाव लोकमान्य तिलक की उस गर्जना का हुआ। स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। स्वराज, स्वधर्म और स्वदेश के विचार ने उन्हें डॉक्टर से मिलने को प्रेरित किया। डॉक्टर ने पहली भेंट में कुछ नहीं कहा। दूसरी बार कहा यदि आप महिला संगठन की जिम्मेदारी लेंगी, तो हम सहयोग देंगे। लेकिन कार्य स्वतंत्र रूप से करना होगा।

लाइव इवेंट

## मानवीय संवेदनाओं का दस्तावेज है अंतहीन अनदेखी सिसकियां



**भिलाई।** समाज की अनदेखी पीड़ा और मानवीय रिश्तों की गहराइयों को शब्दों में पिरोने वाले काव्य संग्रह का विमोचन हुआ। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने समाजशास्त्री डॉ. अंजना श्रीवास्तव की पुस्तक अंतहीन अनदेखी सिसकियां का विमोचन पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में किया। कार्यक्रम में पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मणिशंकर चंद्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एसपी विजय अग्रवाल ने डॉ. अंजना के 35 वर्षों से पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलर के रूप में दी जा रही निःस्वार्थ सेवा की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. अंजना का यह काव्य संग्रह केवल कविताओं का संग्रह नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का जीवंत दस्तावेज है। इसमें समाज की पीड़ा, रिश्तों की जटिलता और मानवीय मूल्यों को बहुत संवेदनशीलता से दर्शाया गया है। विशिष्ट अतिथि सुखनंदन राठौर और मणिशंकर चंद्रा ने भी विमोचित काव्य संकलन पर अपनी प्रतिक्रिया दी और पुस्तक की सामाजिक प्रासंगिकता की सराहना की। कवयित्री डॉ. अंजना श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले 70 वर्षों में मैंने समाज में मानवीय संबंधों में आए बदलावों को बहुत करीब से देखा है। समाज में उत्पन्न विसंगतियां, विद्रूपताएं और जटिलताएं ही मेरी कविताओं का आधार बनीं। इस संग्रह के माध्यम से मैंने उन अनदेखी सिसकियों को आवाज देने का प्रयास किया है। इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ. डी.एन. शर्मा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. सरोज प्रकाश, डॉ. स्वामी कन्नमवाल, विश्व प्रकाश, प्रीति बेहरा, महेश चतुर्वेदी, प्रदीप भट्टाचार्य, रत्ना नारमदेव, अशोक जोशी, डॉ. विश्वकर्मा सहित उप पुलिस अधीक्षक, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्री डॉ. सुचित्रा विश्वकर्मा ने किया और आभार प्रदर्शन काउंसलर डॉ. शशि कुमार ने किया।

साइबर ठगी से पहले ही खतरे का संकेत देगा नया एआई सिस्टम, खाता ब्लॉक होगा

कार्नर न्यूज

## ऑनलाइन ठगी पकड़ने में मदद करेगा आईआईटी भिलाई रूंगटा यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर तैयार की नई तकनीक

**भिलाई।** ऑनलाइन बैंकिंग और डिजिटल भुगतान के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर ठगी भी तेजी से बढ़ रही है। ठग हर दिन नए तरीके अपनाकर लोगों के खाते से पैसे निकालने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे मामलों को जल्दी पकड़ने के लिए आईआईटी भिलाई और रूंगटा यूनिवर्सिटी के शोधकतार्ओ ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई पर आधारित एक नई तकनीक तैयार की है। यह तकनीक पैसे भेजने या निकालने के दौरान कई जानकारियों की एक साथ जांच करेगी। अगर उसे लगेगा कि लेनदेन में कुछ गड़बड़ है या ठगी की आशंका है तो वह तुरंत बैंक को चेतावनी दे देगी। इससे बैंक समय रहते ग्राहक से पुष्टि कर सकेगा या जरूरत पड़ने पर लेनदेन रोककर जांच शुरू कर सकेगा। इस नई तकनीक के लिए बैंकों से लिए गए करीब सवा लाख अकाउंट्स नंबर के आंकड़ों को सिस्टम में फीड किया गया। शोध के दौरान इस तकनीक ने करीब 98 प्रतिशत मामलों में सही पहचान की। यह शोध आईआईटी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गगनराज गुप्ता और रूंगटा यूनिवर्सिटी की डीन स्कूल ऑफ रिसर्च डॉ. शाजिया इस्लाम ने मिलकर किया है।

### ऐसे काम करेगी तकनीक



शोधकतार्ओ ने बताया कि अभी बैंकों में सुरक्षा के लिए कई तरह की व्यवस्था पहले से मौजूद है, लेकिन ज्यादातर मामलों में वे पहले से तय नियमों के आधार पर काम करती हैं। साइबर ठग जब अपना तरीका बदल देते हैं तो कई बार ऐसे मामले तुरंत पकड़ में नहीं आते। नई तकनीक इसी कमी को दूर करने के लिए तैयार की गई है। यह केवल एक बात देखकर फैसला नहीं करती, बल्कि कई जानकारियों को एक साथ जोड़कर समझती है कि मामला सामान्य है या नहीं। उदाहरण के लिए अगर कोई व्यक्ति हमेशा अपने शहर से छोटी रकम भेजता है और अचानक रात में किसी दूसरे राज्य या दूसरे देश में बड़ी रकम भेजने की कोशिश करता है तो यह तकनीक उस पर नजर रखेगी। अगर उससे पहले खाते में कई बार गलत पासवर्ड डाला गया हो, कुछ ही मिनटों में कई जगह पैसे भेजने की कोशिश हुई हो या पहले कभी उस खाते से उस जगह लेनदेन नहीं हुआ हो, तो यह तकनीक इसे सामान्य नहीं मानेगी। वह तुरंत बैंक को बताएगी कि इस लेनदेन की दोबारा जांच की जाए।

### बैंक फ्रीज कर देगा खाता

यह तकनीक यह भी देखेगी कि पैसा किस खाते में भेजा जा रहा है, ग्राहक पहले किस तरह के लेनदेन करता रहा है, अचानक खर्च करने का तरीका बदला है या नहीं, लेनदेन किस समय हो रहा है और पैसे भेजने का तरीका पहले जैसा है या नहीं। इन सभी जानकारियों को मिलाकर यह तय करेगी कि लेनदेन सुरक्षित है या उसमें ठगी की आशंका है। इससे किसी एक कारण के आधार पर फैसला लेने के बजाय पूरी स्थिति को समझकर निर्णय लिया जा सकेगा। इस तकनीक को तैयार करने के लिए शोधकतार्ओं ने बड़ी संख्या में वित्तीय लेनदेन से जुड़े आंकड़ों के आधार पर एक विशेष आंकड़ा संग्रह तैयार किया। इसमें सामान्य और ठगी वाले दोनों तरह के लेनदेन शामिल किए गए, ताकि हर तरह की स्थिति में इसकी जांच हो सके। इसके बाद इसकी तुलना पहले से इस्तेमाल हो रही कई दूसरी तकनीकों से की गई। परिणाम में यह तरीका सबसे बेहतर साबित हुआ और करीब 98 प्रतिशत मामलों में सही पहचान करने में सफल रहा।

सिटी इवेंट

## भिलाई-तीन स्कूल में 15 छात्राओं को मिली साइकिल




**भिलाई।** स्कूली बालिकाओं को स्कूल आने-जाने और अन्य गतिविधियों में मजबूती से सामने आने के लिए कई गतिविधियां कराई जाती है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई 3 में कक्षा 9वीं की 15 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। यह कार्यक्रम छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और विद्यालय तक उनकी सुगम पहुंच सुनिश्चित करने व बढ़ावा देने के लिए किया गया।

कार्यक्रम प्रेमलाल साहू, हामिद अहमद शाह, गीता वर्मा, अंजू वर्मा और विद्यालय की प्राचार्य निशा जैन उपस्थित रहीं। प्रेमलाल साहू ने कहा कि बेटी पढ़ेगी तो परिवार, समाज और राष्ट्र आगे बढ़ेगा। सरस्वती साइकिल योजना केवल साइकिल वितरण नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों को नई गति देने का माध्यम है। बेटियों की शिक्षा को लेकर सरकार गंभीर है इसलिए अनुशासित रहते हुए छात्राएं पूरी लगन और मेहनत से अध्ययन करें तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन करें। हामिद अहमद शाह ने शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति कहा। गीता वर्मा ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। विद्यालय की प्राचार्य निशा जैन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी अतिथियों का अभिनंदन किया तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने छात्राओं से नियमित अध्ययन, अनुशासन और उत्कृष्ट परिणाम के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका रूपाली और आभार प्रदर्शन विद्यालय की प्राचार्य निशा जैन ने किया। अंत में सभी अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्राओं और अभिभावकों में उत्साह का वातावरण रहा। इस अवसर पर शांता वर्मा, हितेश्वरी ठाकुर, जितेंद्र मढरिया, सुनील कश्यप, देशबंधु शर्मा, दिवान मैडम सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहें।

सिटी लाइव

## छात्र नेतृत्व को मिली नई जिम्मेदारियां, ली पद की शपथ




**भिलाई।** शकुन्तला विद्यालय में शुक्रवार को पद अलंकरण और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न दायित्वों के लिए चयनित छात्र-छात्राओं को बैज पहनाकर नेतृत्व की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय सदनों की चतुरंगी टुकड़ियों के मार्च पास्ट से हुई। इसके बाद शिवाजी, टैगोर, अशोका और रमन हाउस के कैप्टनों को बैज पहनाकर सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी दी गई। शकुन्तला विद्यालय ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा और प्राचार्य विपिन कुमार ने शकुन्तला विद्यालय सीबीएसई के कक्षा 12वीं के छात्र आयुष चंद्रवंशी को हेड बॉय और प्रकृति साहू को हेड गर्ल का बैज पहनाया। शकुन्तला विद्यालय क्रमांक-2 के नील कुमार को हेड बॉय और माही बंजारा को हेड गर्ल बनाया गया। इसके अलावा कक्षा 8वीं के तनिष्क लालवानी और पलक सिंह को जूनियर कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर डायरेक्टर संजय ओझा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व, संगठन क्षमता और जिम्मेदारी निभाने का गुण विकसित करते हैं। यही अनुभव आगे चलकर उन्हें बेहतर व्यक्तित्व के निर्माण और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। समारोह में प्राचार्य विपिन कुमार, शारदा विद्यालय रिसाली की मैनेजर ममता ओझा, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, उपप्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## समर्पण, सेवा और संस्कारों को दी विदाई



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय में चार शिक्षकों के सम्मान में सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर के. लक्ष्मण राव, वी. मनोज, नीलम शर्मा और डॉ. ज्ञानशंकर श्रीवास के दीर्घकालीन शैक्षिक योगदान को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय प्राचार्य अशोक चंद्राकर ने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल शासकीय सेवा का समापन है, संबंधों का नहीं। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान की सराहना की। समारोह में भावपूर्ण गीतों, संस्मरणों और शुभकामना संदेशों ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। शिक्षकों ने अनुभव साझा कर सेवानिवृत्त साथियों के व्यक्तित्व को नमन किया। केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र गिरी ने कहा कि केवीएस की पहचान शिक्षकों की निष्ठा और राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता से बनी है। महासचिव डॉ. अजय आर्य ने कहा कि जीवन छुट्टी नहीं है। सेवानिवृत्ति जीवन का अंत नहीं, बल्कि अनुभव, सेवा और सृजन के नए अध्याय का शुभारंभ है। समारोह में उपप्राचार्य मर्सकोले, एनडी साहू, बीआर गजपाल, सुशांत डे, शशांक श्रीवास्तव, सुनीता गावंडे, जीवेश साहू, प्रभा सेठ सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित थे।

### एक सही निर्णय और समय पर दिया गया एक हाथ, नर्सिंग स्टूडेंट्स को सिखाया

# आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावशाली सीपीआर देकर बचाई जा सकती है जान, दिया प्रशिक्षण

भिलाई। आपातकाल में एक सही निर्णय और समय पर दिया गया एक हाथ, किसी का जीवन बचा सकता है। इसी उद्देश्य से इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा मनाए जा रहे सीपीआर दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई में नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए हृदय पुनर्जीवन यानी सीपीआर पर विशेष हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों में आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित करना था। कार्यक्रम में जागरूकता, ज्ञान और व्यावहारिक अभ्यास तीनों पर विशेष जोर दिया गया, ताकि विद्यार्थी क्लीनिकल सेटिंग में ही नहीं, बल्कि समाज में भी जीवनरक्षक की भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जेएलएनएच एंड रिसर्च सेंटर भिलाई डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार और भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव सुरेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र का संचालन डॉ. कौशिक किशोर, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, शिशु रोग विभाग ने अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ किया। टीम में डॉ. माला चौधरी मुख्य परामर्शदाता, डॉ. रुचिका ताम्रकार, डॉ. अमृता जैन, डॉ. पूजा कुमारी और डॉ. आनंद विश्वकर्मा शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई। इसके बाद हर सेकंड मायने रखता है शीर्षक से एक सीपीआर जागरूकता वीडियो प्रदर्शित किया गया। वीडियो में हृदयाघात जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर हस्तक्षेप कितना महत्वपूर्ण होता है, इसे प्रभावी ढंग से दिखाया गया। दीप प्रज्ज्वलन और अतिथि सम्मान के साथ कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया।







**सीपीआर के महत्व पर दिया जोर :** पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. रोजा प्रिंसी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि नर्सिंग शिक्षा में सीपीआर प्रशिक्षण का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी चिकित्सीय आपातकाल में समय पर और सही तरीके से दिया गया सीपीआर अनेक अमूल्य जीवन बचा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे आवश्यक ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास विकसित करें, जिससे संकट की घड़ी में वे तुरंत सहायता दे सकें। भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव सुरेन्द्र गुप्ता ने अपने उद्बोधन में सीपीआर को प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी के लिए अनिवार्य जीवनरक्षक कौशल बताया। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री से नहीं, बल्कि दक्षता और संवेदनशीलता से ही हम समाज की आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी सेवा दे सकते हैं। विद्यार्थी इस प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाएं। मुख्य अतिथि डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर ने नर्सिंग विद्यार्थियों के उत्साह, ज्ञान और व्यावहारिक कौशल की मुक्तकंठ से सराहना की।

### हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण रहा मुख्य आकर्षण

कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैंड्स-ऑन सीपीआर प्रशिक्षण सत्र रहा। डॉ. कौशिक किशोर और उनकी टीम ने पहले लाइव प्रदर्शन के माध्यम से सीपीआर की पूरी प्रक्रिया छाती दबाव, कृत्रिम श्वास और रोगी की स्थिति का आंकलन को स्टेप-बाय-स्टेप समझाया। इसके बाद प्रशिक्षकों की निगरानी में विद्यार्थियों ने डमी पर व्यावहारिक अभ्यास किया। प्रत्येक विद्यार्थी को सही हाथ की स्थिति, दबाव की गहराई और गति के बारे में व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान डॉक्टरों ने सामान्य गलतियों को भी सुधारा और आपातकाल में घबराहट न करने के टिप्स दिए। नर्सिंग विद्यार्थियों में उत्साह और समर्पण दिखाई दिया। उन्होंने सीपीआर तकनीकों का सक्रिय रूप से अभ्यास किया और इस अमूल्य जीवनरक्षक कौशल को सीखने के प्रति गहरी रुचि दिखाई। कई विद्यार्थियों ने कहा कि पहली बार उन्हें आत्मविश्वास मिला कि वास्तविक स्थिति में वे मद कर सकते हैं। कार्यक्रम का समापन उप प्राचार्या डॉ. जी. हेमावती द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों, संसाधन विशेषज्ञों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन से नर्सिंग के विद्यार्थियों में आपातकालीन हस्तक्षेप के माध्यम से जीवन बचाने के लिए आवश्यक दक्षता और आत्मविश्वास दिखाई दिया।

### चलाया जागरूकता अभियान

## पिंक पेट्रोलिंग टीम ने स्कूलों में सुरक्षा का दिया संदेश, अभिव्यक्ति एप की दी जानकारी





**भिलाई।** दुर्ग पुलिस की पिंक पेट्रोलिंग टीम जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार महिला सुरक्षा और जनजागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को टीम ने विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और आम नागरिकों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

थाना भिलाई भट्टी क्षेत्र स्थित श्री नारायण गुरु स्कूल में पिंक पेट्रोलिंग टीम ने विद्यालय प्रबंधन से संवाद किया। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ेगा और पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत होगा। वहीं थाना मोहन नगर क्षेत्र के जय पब्लिक स्कूल और शासकीय प्राथमिक शाला कैलाश नगर में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को डायल 112 आपातकालीन सेवा, महिला हेल्पलाइन 1091 तथा अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी दी गई। टीम ने जरूरत पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने के तरीके भी समझाए और महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।इसके अलावा पिंक पेट्रोलिंग टीम ने थाना क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थानों और ठेला व्यवसायियों के बीच पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस ने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने के लिए जागरूक किया। दुर्ग पुलिस का कहना है कि पिंक पेट्रोलिंग अभियान का उद्देश्य महिलाओं, छात्राओं और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करना तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है।

### खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

## पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 4 खिलाड़ियों ने जीते कई पदक





**भिलाई।** मास्टर्स राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। संभाजी नगर में 18 से 23 जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों की उपलब्धियां छत्तीसगढ़ के लिए स्वर्णिम साबित हुआ। 93 किलोग्राम भार वर्ग में नस्कर टंडन ने सबको प्रभावित किया।

उन्होंने स्क्वाट में 102 किग्रा, बेंच प्रेस में 82 किग्रा और डेडलिफ्ट में 130 किग्रा वजन उठाकर कुल 315 किग्रा के साथ तीनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसी भार वर्ग में मुन्नू स्वामी ने भी दबदबा कायम रखा। स्क्वाट में 100 किग्रा, बेंच प्रेस में 75 किग्रा और डेडलिफ्ट में 110 किग्रा, कुल 285 किग्रा उठाकर तीन रजत पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया। 105 किलोग्राम भार वर्ग में राज वासनिक का प्रदर्शन भी काबिले तारीफ रहा। उन्होंने स्क्वाट में 290 किग्रा उठाकर कांस्य पदक, बेंच प्रेस में 182.5 किग्रा के साथ स्वर्ण पदक और डेडलिफ्ट व कुल योग में रजत पदक अर्जित किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन ही छत्तीसगढ़ ने खाता खोल दिया था।

66 किग्रा भार वर्ग में अखिलेश पांडेय ने ओवरऑल स्पर्धा में और 93 किग्रा मास्टर्स क्लासिक में मुन्नू स्वामी ने डेडलिफ्ट में कांस्य पदक जीता था। इस तरह अखिलेश पांडेय, नस्कर टंडन, मुन्नू स्वामी और राज वासनिक ने अपने शानदार प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। सभी पदक विजेताओं को छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक जी. सुरेश बाबे, संरक्षक इंद्रजीत सिंह, अध्यक्ष कैलाश जैन बरमेचा, महासचिव कृष्णा साहू, कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवन कुमार जैन, राजेंद्र सिंह यादव सहित सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### द पोस्टमास्टर की प्रस्तुति ने दर्शकों की बटोरीं वाहवाही

कार्नर न्यूज



## पीएम श्री विद्यालयों की कमियां दूर करने प्राचार्यों व हेड मास्टरों को दिया गया प्रशिक्षण

**भिलाई।** दुर्ग संभाग के पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रधान पाठकों की बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कार्यालय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग दुर्ग में हुई। बैठक में संयुक्त संचालक डॉ.के वेंकट राव ने संस्था प्रमुखों से विद्यालयों की कमियों को दूर करने के लिए की गइ तैयारी एवं रणनीतियों पर चर्चा की। तत्पश्चात पीएमश्री हेतु निर्धारित 24 सेचुरेशन प्वाईंटस (चेकलिस्ट) के प्रत्येक पहलू पर विस्तार से बताया। जिसमें सर्वप्रथम अटल टिंकरिंग लैब की व्यवस्था पर समीक्षा की गइ तथा निर्देशित किया गया कि अटल टिंकरिंग लैब की विद्यालय में स्थापना मात्र ही पर्याप्त नहीं है अपितु उसे जीवन्त बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए यह जरूरी है कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी अटल टिंकरिंग लैब में लगे हुए प्रत्येक उपकरणों की बारीकियों से जान सके। इसे और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए समय-समय पर आस-पास के तकनीकी महाविद्यालयों के प्राध्यापकों व विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाए।



### एमएस आफिस जेमिनी और चैट जीपीटी के उपयोग पर जोर

जेडी डॉ. राव ने कहा कि निरीक्षण के दौरान अधिकांश विद्यालयों में कंप्यूटर एवं आईसीटी लैब विद्यालय के कंप्यूटर एवं आईसीटी लैब बंद एवं धूल खाते हुए पाए गए है। जिस पर लैब की नियमित सफाई एवं उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ-साथ उन्होने कहा कि आईटी में लिब्रे ऑफिस साफ्टवेयर के साथ-साथ विद्यार्थियों को एमस ऑफिस जेमिनी और चैट जीपीटी का उपयोग करना तथा एआई का ज्ञान भी होना चाहिए। विद्यालय के सभी शिक्षकों को टैक्नोलॉजी का उपयोग करना आना चाहिए और टैक्नोलॉजी अपडेट भी होना अति आवश्यक है।

### लाइब्रेरी में किताबों का संधारण बेहतर हो

जेडी डॉ. राव ने कहा कि विद्यालय में स्थापित पुस्तकालय के प्रत्येक किताब पर नंबरिंग किया जाए, लाईब्रेरी कार्ड एवं वितरण पंजी संधारित किया जाए। हाई/हायर सेकेण्डरी के सभी विद्यार्थियों को 15 दिनों के लिए किताब दिया जाए जिसे पढ़कर उनके द्वारा पढ़े हुए किताब का रिब्यू नोट तैयार किया जाए और इसे लाईब्रेरी में सुरक्षित किया जाए। इससे बच्चों में न केवल लिखने के कौशल का विकास होगा अपितु उनके अभिव्यक्ति कौशल में भी वृद्धि होगी।

### पाठ्यक्रम का हो रिब्यू

प्रत्येक प्राचार्य को पाठ्यक्रम के पूर्णता की स्थिति का सतत रिब्यू करना चाहिए कि कोई भी पाठ या विषयवस्तु पाठ्यक्रम में निर्धारित क्रम अनुसार पढ़ाया गया है अथवा नहीं तथा समय पर पूर्ण किया जा रहा है अथवा नहीं। चेकलिस्ट अनुसार प्रयोगशाला की समीक्षा करते हुए उन्होने सभी को निर्देश दिए कि लैब में प्रत्येक कक्षा के लिए निर्धारित प्रायोगिक कार्य की सूची चस्पा किया जाए तथा जो प्रायोगिक कार्य पूर्ण किए जा चुके है उसके समक्ष पूर्ण होने का निशान लगाया जाए। प्रयोगशाला में स्थापित सभी उपकरण व सामग्री सही हालत में हो तथा नियमित उपयोग हो रहा हो यह सुनिश्चित किया जाए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सी बी एस ई जोनल बॉक्सिंग में ऋषभ ने जीता कॉंस्य



**रायपुर।** भुवनेश्वर, ओड़िशा के के आई आई टी इंटरनेशनल स्कूल की ओर से सी बी एस ई ईस्ट जोन बॉक्सिंग बालक/बालिका प्रतियोगिता 21 जुलाई से 24 जुलाई तक आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में एम जी एम विद्यालय के ऋषभ शुक्ला ने 17 वर्ष आयु वर्ग में 52-54 किलोग्राम में काँस्य पदक हासिल किया।

ऋषभ ने अपने क्वाटर फाइनल मुकाबले में महर्षि स्कूल, बिलासपुर के शिवम् भास्कर को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई पर, सेमीफाइनल उसका मुकाबला पार्थ प्रीतम, असम गुवाहटी से हुआ जिससे हारकर उसे काँस्य पदक से संतोष करना पड़ा। ऋषभ की इस सफलता एम जी एम स्कूल के शाला प्रबंधन के उपाध्यक्ष फादर जोस मेथ्यु एवं प्राचार्या डॉ लीना जेकब ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया।

### निशानेबाजी में शरद को कांस्य पदक



**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 25 वीं राइफल पिस्टल निशानेबाजी प्रतियोगिता में शरद कुमार सिंह ने मास्टर कैटेगरी में कांस्य पदक जीत कर शहर का नाम राज्य स्तर पर रोशन किया है। पदक के साथ वे ईस्ट जोन और जी वी मावलंकर ट्रॉफी के लिए भी क्वालीफाई हुए हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच नीरज सायमन और साथी प्रवेश चड्ढा, संकेत सैमुअल, स्वप्निल ऋषि, कपूर साहू, विनीत सिंह चंदेल, आकाश श्राफ, अहमद चिश्ती, अनिल कुमार, हेमंत शर्मा, युवराज सिंह, प्रद्युम्न सिंह बल्ला को दिया है।


### एशियन कबड्डी लीग में छत्तीसगढ़ से तीन खिलाड़ी



**रायपुर।** साउथ ईस्ट एशिया कबड्डी फेडरेशन के अंतर्गत एकेएफआई के तत्वावधान में एशियन कबड्डी लीग चैंपियनशिप वीमेन चैप्टर वन 1 से 16 अगस्त तक ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स गुरुग्राम हरियाणा में आयोजित की जा रही है।

इस स्पर्धा हेतु छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिनमें छाया कंवर, सरिता व राधिका यादव का नाम शामिल है। चयनित खिलाड़ियों को 26 जुलाई को इंडिया कैंप में शामिल होना है। छत्तीसगढ़ से मुकेश साहू को इस अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु कोच नियुक्त किया गया है।

### छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ एथलीट आयोग में सदस्यों की नियुक्ति



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ एथलीट आयोग में सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई है। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के एथलीट आयोग में चयन/नामांकन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के पात्र सेवानिवृत और सक्रिय कबड्डी खिलाड़ियों से आवेदन 18 जुलाई तक आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित तिथि में पुरुष और महिला वर्ग में प्राप्त आवेदन के आधार पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ एथलीट आयोग में पुरुष वर्ग से लीलाधर साहू रायपुर और महिला वर्ग से रमशिला दुग्गा राजनांदगांव की नियुक्ति की गई है।

## आपकी सेहत का पैमाना है बीएमआई

# आपका बीएमआई तो नहीं बजा रहा खतरे की घंटी, वक्त रहते हो जाएं सचेत नहीं तो जान पड़ जाएगी मुश्किल में

बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) ऐसा पैमाना है, जो बताता है कि किसी व्यक्ति का वजन उसकी लंबाई के अनुसार सामान्य है या नहीं? यदि किसी व्यक्ति का वजन 70 किलोग्राम और लंबाई 1.70 मीटर है, तो उसका बीएमआई लगभग 24.2 होगा।

अधिक वजन और मोटापे की समस्या सभी उम्र के लोगों में तेजी से बढ़ती जा रही है। डॉक्टर सामान्य से अधिक वजन को बीमारियों का घर बताते हैं। अक्सर लोग सोचते हैं कि मोटापा सिर्फ शरीर का आकार बिगाड़ता है, लेकिन सच इससे कहीं ज्यादा गंभीर है। इसके कारण हार्मोनल समस्याओं , इम्यून सिस्टम की दिक्कतों से लेकर डायबिटीज-हार्ट और कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम भी काफी बढ़ जाता है। क्या आप भी वजन जांचने के लिए वेट मशीन का इस्तेमाल करते हैं? पर क्या आप जानते हैं कि डॉक्टर केवल वजन देखकर किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य का आकलन नहीं करते। इसके लिए बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) पर ध्यान दिया जाता है। किसी व्यक्ति के वजन और उसकी लंबाई के आधार पर बीएमआई का पता लगाया जाता है। जब बीएमआई सामान्य सीमा से ऊपर चला जाता है, तो इसे सेहत के लिए खतरा माना जाता है।

कहीं आपका बीएमआई भी तो नहीं बढ़ा रहता है?



बॉडी मास इंडेक्स ऐसा पैमाना है, जो बताता है कि आपका वजन शरीर की लंबाई के अनुसार सामान्य है या नहीं? यदि किसी व्यक्ति का वजन 70 किलोग्राम और लंबाई 1.70 मीटर है, तो उसका बीएमआई लगभग 24.2 होगा। बीएमाई का पता लगाने के लिए अपने वजन (किलोग्राम) को अपनी ऊंचाई (मीटर) के वर्ग से भाग दें। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 25 से अधिक बीएमआई वाले लोगों को सेहत को लेकर सावधान रहना चाहिए। 18.5 से कम- कम वजन। 18.5-24.9- सामान्य वजन। 25 29.9- अधिक वजन। 30 या उससे अधिक- मोटापा।



### हाई बीएमआई से क्या दिक्कतें होती हैं?

डॉक्टर कहते हैं, हाई बीएमआई का मतलब अक्सर शरीर में अतिरिक्त फैट जमा होना होता है। इससे रक्त वाहिकाओं और हृदय पर अतिरिक्त दबाव बढ़ता है। पेट के आसपास जमा चर्बी शरीर में सूजन बढ़ाने वाले रसायन रिलीज करती है, जिससे धमनियों में प्लाक बनने, हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ जाता है। समय के साथ यह स्थिति कोरोनरी आर्टरी डिजीज, हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। इसी तरह जब शरीर में अधिक फैट जमा हो जाता है, तो कोशिकाएं इंसुलिन के प्रति भी कम संवेदनशील हो जाती हैं। इससे खून में शुगर का स्तर बढ़ने लगता है और टाइप-2 डायबिटीज का खतरा हो सकता है।

### बीएआई ज्यादा होने से और क्या दिक्कतें होती हैं?

हाई बीएमआई वाले लोगों में नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज का खतरा भी ज्यादा होता है। यदि समय पर इसे कंट्रोल न किया जाए, तो लिवर में सूजन,



फाइब्रोसिस और सिरोसिस जैसी समस्याएं हो सकती है। कई वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि मोटापा कम से कम 13 प्रकार के कैंसर के बढ़े हुए जोखिम से जुड़ा है। शरीर में अतिरिक्त फैट लगातार सूजन पैदा करती है और इंसुलिन व कुछ हार्मोन का स्तर बढ़ा सकती है। इससे कोशिकाओं की असामान्य वृद्धि की आशंका बढ़ जाती है।

### बीएआई को कैसे कंट्रोल करें?

डॉक्टर बताते हैं, बीएमआई को सामान्य रखने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सक्रिय जीवनशैली सबसे महत्वपूर्ण हैं। सप्ताह में कम से कम 150 मिनट व्यायाम करें। इसके अलावा भोजन में साबुत अनाज, दालें, फल-सब्जियां और प्रोटीन वाली चीजें शामिल करें। अच्छी नींद लें और तनाव को कंट्रोल रखें क्योंकि दोनों का असर वजन पर पड़ता है। यदि बीएआई लगातार बढ़ रहा है या 25-30 से ऊपर है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

# गोल और मुलायम रोटी बनाने जानें जरूरी टिप्स

रोटी को मुलायम बनाने के लिए आटा न ज्यादा सख्त और न ज्यादा ढीला गूंधें। गूंधने के बाद 15-20 मिनट तक ढककर रखें, फिर हल्के हाथों से बेलें और सही गर्म तवे पर सेंकें। ये आसान तरीके रोटी को गोल, नरम और अच्छी तरह फूलने में मदद करते हैं।

भारतीय रसोई में रोटी सिर्फ एक भोजन नहीं, बल्कि हर घर की रोजमर्रा की जरूरत है। लेकिन कई लोगों, खासकर नए कुक्स की सबसे बड़ी परेशानी यही होती है कि रोटी न तो गोल बनती है और न ही मुलायम। कभी आटा ज्यादा सख्त गूंध जाता है, तो कभी बेलते समय रोटी का आकार बिगड़ जाता है। कई बार तवे पर डालने के बाद रोटी सख्त हो जाती है या फूलती ही नहीं। ऐसे में मेहनत के बावजूद रोटियां वैसी नहीं बन पातीं जैसी दादी-नानी या मां के हाथों की होती हैं।

अच्छी बात यह है कि मुलायम और गोल रोटी बनाने के लिए किसी खास मशीन या महंगे उपकरण की जरूरत नहीं होती। बस आटा गूंधने का सही तरीका, थोड़ा धैर्य और कुछ आसान किचन ट्रिक्स अपनाने की जरूरत होती है। सही मात्रा में पानी, आटे को आराम देना और तवे का सही तापमान जैसी छोटी-छोटी बातें रोटी की गुणवत्ता में बड़ा अंतर ला सकती हैं।

अगर आपकी रोटियां भी अक्सर सख्त, टेढ़ी-मेढ़ी या बिना फूले रह जाती हैं, तो यहां बताए गए आसान टिप्स आपकी मदद करेंगे। इन ट्रिक्स को अपनाकर आप हर बार नरम, गोल और स्वादिष्ट रोटियां बना सकते हैं।

### सही तरीके से आटा गूंधें

अच्छी रोटी की शुरुआत अच्छे आटे से होती है। आटा गूंधते समय धीरे-धीरे पानी डालें ताकि उसका टेक्सचर न ज्यादा सख्त हो और न ही बहुत ढीला। आटा मुलायम और चिकना होना चाहिएचाहें



तो गूंधते समय 1-2 चम्मच दूध या थोड़ा-सा तेल मिला सकते हैं, जिससे रोटियां अधिक नरम बन सकती हैं।

### आटे को आराम देना बिल्कुल न भूलें

आटा गूंधने के तुरंत बाद रोटी न बेलें। उसे 15-20 मिनट के लिए ढककर रख दें। इससे आटे में नमी समान रूप से फैलती है। ग्लूटेन बेहतर तरीके से विकसित होता है, जिससे बेलना आसान हो जाता है।

### बेलते समय ज्यादा सूखा आटा न लगाएं

बहुत ज्यादा सूखा आटा लगाने से रोटी सूखी और सख्त हो सकती है। हल्का-सा सूखा आटा इस्तेमाल करें। बेलन पर समान दबाव रखें ताकि रोटी गोल आकार ले सके।

### तवे का तापमान सही रखें

अगर तवा बहुत ठंडा होगा तो रोटी सूख जाएगी। बहुत ज्यादा गर्म होगा तो जल सकती है। मध्यम से तेज आंच पर पहले तवा अच्छी तरह गर्म करें, फिर रोटी सेंकें। सही तापमान पर रोटी अच्छी तरह फूलने की संभावना बढ़ जाती है। रोटी बनने के बाद उसे तुरंत ढक्कन वाले हॉटकेस या साफ सूती कपड़े में रखें। इससे उसकी नमी बनी रहती है और वह लंबे समय तक मुलायम रहती है।

# मसालों की उड़ गई खुशबू तो ऐसे करें खराब होने की पहचान



डिब्बों में रखे मसालों की एक्सपायरी डेट पता लगाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में सभी सोच में पड़ जाते हैं कि हमें इस मसाले का इस्तेमाल करना चाहिए या नहीं। अगर आप भी यह सोच रहे हैं, तो आपको इस पर विस्तार से जानकारी लेनी चाहिए।

### ऐसे करें फ्रेश मसाले की पहचान

फ्रेश मसाले की सबसे बड़ी पहचान उनकी तीखी और प्राकृतिक खुशबू होती है। अगर मसाले से खुशबू नहीं आ रही, तो इसका मतलब है कि मसाला खराब हो चुका है। आप थोड़ा मसाला हाथ में डालकर भी चेक कर सकती हैं। अगर स्वाद कड़वा, अजीब या फीका लगे तो इसका मतलब है कि यह खराब हो चुका है। अगर मसाले में गांठ बनने लगे या नमी जरूरत से है तो इसकी क्वालिटी खराब हो जाएगी।हमेशा पैकेट पर लिखी मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट चेक करें। फिर 6-12 महीने पुराने मसाले अपनी असली खुशबू और स्वाद खोने लगते हैं। फ्रेश पाउडर मसाले हाथ में रगड़ने पर स्मूथ महसूस होते हैं, जबकि पुराने मसाले की बनावट खुरदुरी और बासी लगती है।

### कैसे बताएं कि मसाले अच्छे हैं या नहीं?

मसालों की क्वालिटी चेक करने के लिए आप पानी का टेस्ट करके देख सकती हैं। इसके लिए पानी में एक चुटकी पिसे हुए मसाले डालें। अगर मसाले नीचे बैठ गए, तो इसका मतलब है कि मसाले शुद्ध और अच्छे हैं। इनका इस्तेमाल किया जा सकता है।



# बारिश के मौसम में बीमारियों से बचे रहने के लिए डाइट में करें बदलाव

मानसून / बारिश का मौसम अधिकतर लोगों को पसंद होता है। साथ ही हरियाली के इस मौसम में बारिश के दौरान चाय और गर्म स्नैक्स पर भी अच्छों-अच्छों का जी ललचा जाता है। बरसात के मौसम में कीटाणु और वायरस अधिक एक्टिव हो जाते हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के फूड हाइजीन/सेफ्टी टिप्स फॉलो करने की सलाह दी जाती है। इन टिप्स को फॉलो नहीं करने पर आप बीमार पड़ सकते हैं। साथ ही आपकी एनर्जी में भी कमी आ सकती है। बरसात में गलत खान-पान के कारण कई लोग बीमार पड़ जाते हैं। किसी भी प्रकार की बीमारी की चपेट में आने से बचने के लिए कुछ फूड का सेवन करना चाहिए, जो कि इन वायरस से लड़ने के लिए इम्यूनिटी को बढ़ाते हैं। ऐसे फूड्स के बारे में आपको जानना चाहिए, जिनके सेवन से बारिश के मौसम में किसी भी प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है।

**फल :** इस समय 'मानसूनी फलों' का सेवन किसी भी वायरस से बचाव में मदद करता है। साथ ही ये फल एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भी भरपूर होते हैं। इनके सेवन से शरीर को काफी फायदा होता है। बारिश में निम्न फलों का सेवन अधिक फायदेमंद होता है।

**चेरी:** इनमें एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो न केवल मस्तिष्क को आराम देते हैं बल्कि वायरस से भी लड़ते हैं।



जामुनः जामुन में कैलोरी काफी कम होती है। जबकि यह आयरन, फोलेट, पोटेशियम और विटामिन से भरपूर होता है, ये ऐसे पोषक तत्व हैं जिनकी शरीर को इस मौसम में अधिक आवश्यकता होती है।

**लीची:** ये विटामिन सी से भरपूर होती है, जिससे इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद मिलती है।

केलाः केला विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है। यह फाइबर में हाई होता है, जो कि पाचन क्रिया को अच्छा रखता है और संक्रमण से बचाता है।

**सूप :** सूप बनाने में आसान और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। सूप न केवल आपको वायरस से दूर रखता है बल्कि बारिश मौसम में आवश्यक हाइड्रेशन भी प्रदान करता है। बारिश के मौसम में ह्यूमिडिटी, निर्जलीकरण की प्रक्रिया तेज हो जाती है। इसे रोकने के लिए पर्याप्त तरल पदार्थ पीना जरूरी है। डाइट एक्सपर्ट भी इस मौसम में लिक्विड पीने की सलाह देते हैं। आप चाहें तो वेजिटेबल सूप, चिकन सूप का सेवन कर सकते हैं।

**मेथी और जीरा :** बारिश या मानसून के मौसम में बीमारियों की चपेट में इसलिए आते हैं, क्योंकि मौसम बदलने के साथ इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। जैसे ही प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, शरीर का भोजन पचाना मुश्किल हो जाता है। पाचन तंत्र के सामान्य कामकाज को सही रखने के लिए और इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए मेथी और जीरे को भोजन में शामिल करने की सलाह दी जाती है।

**हर्बल चाय :** मानसून के दौरान सभी भारतीय घरों में मसाला चाय एक प्रमुख ड्रिंक हो सकती है। लेकिन इस मौसम में दूध का सेवन करना उतना अच्छा नहीं माना जाता है। दूध वाली मसाला चाय की बजाय अदरक या नींबू के साथ हर्बल चाय पीने से आप रोग मुक्त रहेंगे। चाय के विभिन्न स्वादों जैसे : तुलसी, कहवा, चमेली हर्बल चाय का सेवन करें, जो कि रोजाना आपको अलग-अलग तरह से स्वाद प्रदान करेगी।

**हल्दी :** हल्दी एक जादुई जड़ी बूटी है जो हर मौसम में आपके स्वास्थ्य के लिए अद्भुत काम करती है। मानसून सीजन में इसकी महत्वता अधिक बढ़ जाती है ।



## कार्नर न्यूज

## वर्कआउट के दौरान सावधानियां बरतनी जरूरी

# कूलडाउन करते समय न करें ये गलतियां, वरना मसल्स रिकवरी हो सकती है स्लो

हेल्दी और क्लीन डाइट ,रनिंग ,साइकिलिंग ,जिम जाकर वर्कआउट करना ,जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड से दूर रहना ,योग करना आदि वो तरीके हैं, जिससे किसी को भी स्वस्थ रहने में मदद मिल सकती है। रोजाना वर्कआउट करने के भी कई फायदे होते हैं। लेकिन वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी भी काफी जरूरी होती है। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए, कुछ लोग सोर मसल्स में आराम देने वाले फूड का सेवन करते हैं; तो कुछ हाई प्रोटीन डाइट का सेवन करते हैं। मसल्स रिकवरी में कुछ विटामिन भी मदद कर सकते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए गहरी नींद भी जरूरी है, जिसके लिए सोने के ये तरीके भी अपना सकते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी और इंजुरी से बचने के लिए कूल डाउन प्रोसेस भी करनी होती है। कूलिंग डाउन प्रोसेस आपकी हृदय गति को धीरे-धीरे कम करने के लिए पर्याप्त समय देता है, जो आपके शरीर को रिकवरी मोड में ले जाता है। कूल डाउन जब सही तरीके से किया जाता है, तो इसके अलावा स्टैटिक स्ट्रेचिंग या फोम रोलिंग शामिल है, जो थके हुए मसल्स को आराम देते हैं।



### कूल डाउन के दौरान होने वाली गलतियां

कूल डाउन में भले ही इसमें केवल कुछ मिनट लगते हैं, लेकिन वर्कआउट के बाद यह काफी जरूरी है। हो सकता है आप कूल डाउन की प्रोसेस के दौरान कुछ गलतियां कर रहे हों, जिस कारण से बॉडी सही से रिकवर नहीं हो पा रही हो। इसलिए कूलडाउन के समय गलतियां करने से बचें।

### हर वर्कआउट के बाद कूलडाउन न करें

ज्योफ ट्रिप , ट्रेनियाक में फिटनेस साइंस के हेड के मुताबिक, एक्सरसाइज के बाद कम से कम पांच मिनट का क्विक कूलडाउन प्रोसेस करने से मसल्स रिकवरी की प्रोसेस बढ़ जाती है। एक्सरसाइज के दौरान आपका शरीर कई तनावपूर्ण प्रक्रियाओं से गुजरता है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन के अनुसार, वर्कआउट के दौरान जो टेंशन क्रिएट होती है उस दौरान कैमिकल ब्रेक होते हैं, जो कि मसल्स में दर्द और थकान पैदा करते हैं। एक एक्टिव रिकवरी करने वाला कूलडाउन करके, उसके बाद स्ट्रेच करके मसल्स रिकवरी प्रोसेस की ओर आगे बढ़ सकते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर एक्सरसाइज के बाद कूलडाउन करें। बल्कि वर्कआउट खत्म होने के बाद सिर्फ 10 मिनट इस प्रोसेस को दें। यदि आप 1 घंटा वर्कआउट कर रहे हैं, तो उसके बाद 10 मिनट कूलडाउन प्रोसेस करें,



जिसमें स्ट्रेचिंग और फोम रोलिंग शामिल हों।

### अचानक से अपना वर्कआउट बंद कर देना

वर्कआउट के बाद कूलडाउन सबसे पहले शरीर के तापमान और ब्लड प्रेशर को नॉर्मल करता है। फिर शरीर को वर्कआउट रिकवरी मोड में लेकर जाता है। लेकिन ऐसा करने के लिए आपको तुरंत किसी वर्कआउट को बंद नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए आप यदि स्पीड में साइकिल चला रहे हैं और अचानक से ब्रेक लगा देंगे तो साइकिल गिर जाएगी। आप गिरें न इसके लिए धीरे-धीरे ब्रेक लगाने होंगे। उसी तरह आपको वर्कआउट करना अचानक बंद नहीं करना है, बल्कि धीरे-धीरे वर्कआउट की तीव्रता को कम करना होगा, यह वर्कआउट सेशन को समाप्त करने का सबसे अच्छा तरीका है।

यदि आप दौड़ रहे हैं, तो धीरे-धीरे जॉगिंग पर आएं फिर तेज चलने पर आएं और फिर धीरे-धीरे अपनी स्पीड को कम करते हुए रुकें। ऐसा करने से शरीर और दिमाग को शांत करने में मदद करेगी और प्रॉपर कूलडाउन होगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्नूप डॉग की बायोपिक की रिलीज डेट का एलान, इंतजार करना होगा 2027 का



रैप आइकन और एक्टर स्नूप डॉग की जिंदगी पर बनने वाली बायोपिक अब आधिकारिक तौर पर आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूनिवर्सल पिक्चर्स इस फिल्म को 6 अगस्त 2027 को रिलीज करेगा। यह फिल्म स्नूप डॉग के एक कलाकार से लेकर बड़े म्यूजिक मोगुल और गैंगस्टा रैप आइकन बनने तक के सफर को दिखाएगी।

इस फिल्म को क्रेग ब्रेवर डायरेक्ट करेंगे, जो 'हसल एंड फ्लो' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। स्क्रिप्ट को उन्होंने जो रॉबर्ट कोल की ओरिजिनल कहानी पर दोबारा लिखा है।

फिल्म में स्नूप डॉग का किरदार एक्टर जोनाथन डेविस निभाएंगे। यह फिल्म डेथ रो पिक्चर्स और एनबीसी यूनिवर्सल एंटरटेनमेंट के बीच हुए डील के तहत पहला प्रोजेक्ट होगी। इसे इमेजिन एंटरटेनमेंट के ब्रायन ग्रेजर, खुद स्नूप डॉग और डेथ रो पिक्चर्स की प्रेसिडेंट सारा रामाकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

फिल्म में स्नूप डॉग के मशहूर गाने भी शामिल होंगे, जैसे 'ड्रोप इट लाइक इट्स होट', 'गिन एंड जूस', 'व्हाट्स माय नेम' और 'नथिन बट ए जी थिंग'।

हालांकि अभी कहानी को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। यह भी साफ नहीं है कि फिल्म उनके पूरे करियर को दिखाएगी या किसी खास दौर पर फोकस करेगी। स्नूप डॉग एक पॉपुलर रैपर ही नहीं, बल्कि सिंगर, सॉन्गराइटर, एक्टर, प्रोड्यूसर, डीजे और बिजनेसमैन भी हैं। उन्होंने 1992 में अपने करियर की शुरुआत की थी, जब वह डॉ. ड्रे के गाने 'डीप कवर' और एल्बम 'द क्रोनिक' में नजर आए थे। इस बायोपिक का ऐलान पहली बार 2022 में हुआ था।

### टॉलीवुड

## इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न अगले महीने, तमिल फिल्म से शुरुआत



इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2026 का आयोजन 13 से 23 अगस्त तक होने वाला है। इसमें महोत्सव में सबसे पहली फिल्म के तौर पर एक तमिल फिल्म 'मेंबर्स ऑफ द प्रॉब्लमेटिक फैमिली' से होगी। महोत्सव में फिल्म का ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर होगा। इस प्रीमियर में निर्देशक आर गौतम और मुख्य अभिनेता करुथथदयान मेलबर्न में उद्घाटन रात्रि समारोह में भाग लेंगे। इस साल आईएफएफएम का संस्करण 13 से 23 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा, जबकि शुरुआती फिल्म 14 अगस्त को दिखाई जाएगी। इस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक श्रेणियों में नामांकन मिला है। बेहतरीन निर्देशन वाली यह फिल्म प्रभा नामक एक मानसिक रूप से अस्थिर लड़के की अजीब मौत की कहानी है। उसकी मृत्यु उसके अंतिम संस्कार समारोह में बड़े परिवार के सदस्यों को एक साथ लाती है। उसके अंतिम संस्कार का कार्यक्रम सोलह दिनों तक चलता है। जैसे ही शोक मनाने वाले सदस्य अपने खोए हुए रिश्तेदार का शोक मनाने के लिए इकट्ठा होते हैं, दबी हुई भावनाएं और कठिन रिश्ते धीरे-धीरे सामने आने लगते हैं। इस कलाकारों के समूह के माध्यम से, यह फिल्म रिश्तों पर नुकसान के प्रभाव को दर्शाती है। यह दिखाती है कि परिवारों और समुदायों के बीच भावनात्मक संबंध कितने नाजुक हो सकते हैं। वर्षों से, इस महोत्सव ने क्षेत्रीय भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के सामने पेश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 'मेंबर्स ऑफ द प्रॉब्लमेटिक फैमिली' ने अपनी भावनात्मक रूप से गूंजती कथा के साथ उस परंपरा को जारी रखा है। सम्मान के बारे में बात करते हुए, निर्देशक आर गौतम ने कहा 'मेंबर्स ऑफ द प्रॉब्लमेटिक फैमिली' एक गहरी व्यक्तिगत कहानी है जो दुख, परिवार और हर समुदाय के भीतर मौजूद जटिलताओं की जांच करती है।

### भोजपुरी

## भोजपुरी एक्टर रोहित की मौत, याद किए गए उनके किरदार



भोजपुरी फिल्म एक्टर और डायरेक्टर रोहित शर्मा की हाल ही में एक हादसे में मौत हो गई। 21 जुलाई की तड़के सुबह रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और रौंद डाला। रोहित का हेलमेट टूट गया और सिर के साथ पैर पर गंभीर चोटें आईं। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रोहित शर्मा के साथ बाइक पर उनका दोस्त भी मौजूद था, जो गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका इलाज चल रहा है। रोहित शर्मा के भाई मंजेश ने बताया कि रोहित शर्मा सोमवार, 20 जुलाई की शाम मलिहाबाद एक भोजपुरी फिल्म की शूटिंग पर गए थे। साथ में उनका दोस्त भी था। लेकिन मंगलवार तड़के जब दोनों बाइक पर वापस लौट रहे थे, तो रॉन्ग साइड से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और कुचल दिया। वह ट्रक गुडंबा के रिंग रोड पर टीवीएस शोरूम के सामने डिवाइडर तोड़कर रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार से आ रहा था।

बताया जा रहा है कि यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि रोहित शर्मा का हेलमेट टूट गया और पैर और सिर पर गंभीर चोटें आईं। ट्रक ड्राइवर घटनास्थल से तुरंत फरार हो गया। वहीं जब पुलिस मौके पर पहुंचीं, तो रोहित शर्मा और उनके दोस्त को गंभीर हालत में राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां रोहित शर्मा की इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं दोस्त शोभित का इलाज चल रहा है, पर उसकी हालत गंभीर है। रोहित शर्मा के परिवार में अब सिर्फ पिता मगन शर्मा, मां गायत्री और छोटा भाई रह गए हैं। पिता फर्नीचर का काम करते हैं।

### शाही अंदाज

आमतौर पर शाही पार्टियों में ज़मीन तक लंबे, खास बनावट वाले इवनिंग गाउन, अच्छी तरह फिट होने वाले टक्सीडो और शानदार एक्सेसरीज़ पहनी जाती हैं। इस शाही अंदाज के लिए अपने लुक को और बेहतर बनाने वेलवेट, भारी साटन या ब्रोकेड जैसे शानदार फ़ैब्रिक भी खूब खिलता है। फ़ॉक्स-फ़र स्टोल, खास तरह की ज्वेलरी और बंद-पंजे वाले जूते ऐसी महफिलों की शान होते हैं।



लाइफ स्टाइल

## रॉयल लुक के लिए स्टाइल करें खूबसूरत डिजाइंस वाली प्री ड्रेड साड़ी



अगर आप न्यू डिजाइन की साड़ी चाहती हैं तो, आप इस तरह की प्री-ड्रेप्ड साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस साड़ी को आप कई सारे कलर एयर डिजाइन ऑप्शन के साथ खरीदकर कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं।



शादी, पार्टी और इवेंट, इन सभी खास मौकों पर ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए महिलाएं साड़ी स्टाइल करना पसंद करती हैं और ये आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन में मिल जाएंगी। लेकिन, अगर आप न्यू और रॉयल लुक चाहती हैं। तो, आप ये खूबसूरत डिजाइंस वाली ये प्री ड्रेप्ड साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आप कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं और इस साड़ी में आपका लुक सुंदर नजर आएगा साथ ही, आपका लुक भी रॉयल लगेगा।



### खूबसूरत डिजाइंस वाली ये प्री ड्रेप्ड साड़ी

रॉयल लुक पाने के लिए हम आपको खूबसूरत डिजाइंस वाली 3 प्री ड्रेप्ड साड़ी के ऑप्शन दिखा रहे हैं। इस तरह की साड़ी आप किसी भी खास मौके पर सुंदर और रॉयल लुक पाने के लिए स्टाइल कर सकती हैं और ये साड़ी आपको सस्ते कीमत में मिल जाएंगी।

### प्लेन रुफल साड़ी

रॉयल लुक के लिए आप इस तरह की साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। यह साड़ी ब्लैक कलर में है और ये साड़ी आप किसी इवेंट या ऑफिस की पार्टी में शामिल होने के दौरान स्टाइल कर सकती हैं। यह साड़ी आपको 700 से 1,000 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस साड़ी को आप स्ट्रेप वाल डीप नेक ब्लाउज के साथ वियर कर सकती हैं और इस साड़ी के साथ आप स्टोन वर्क वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो, आप इस तरह की सिल्क साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। यह साड़ी सिल्क में है साथ ही, बेहद ही अलग और खूबसूरत रुफल डिजाइन में है।

## होममेड स्किन केयर में गलती से भी न करें ऐसा घालमेल, स्किन को हो सकता है भारी नुकसान

जब भी स्किन की केयर करने की बात होती है, तो उसके लिए नेचुरल किचन इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। अमूमन लोग यह मानते हैं कि किचन इंग्रीडिएंट्स ना केवल बजट फ्रेंडली होते हैं, बल्कि स्किन के लिए सुरक्षित भी होते हैं। यह बात सच है, लेकिन पूरी तरह से नहीं। अगर आप सोचती हैं कि बस कुछ नेचुरल किचन इंग्रीडिएंट्स को मिक्स करके व लगाकर आप एक दमकती स्किन पा सकती हैं तो आप गलत है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन किचन की हर चीज़ स्किन के लिए नहीं बनी होती। कई बार हम बिना सोचे कुछ भी मिक्स कर देती हैं और फिर जब उसे अपनी स्किन पर लगाती हैं तो इससे स्किन को फायदा कम और नुकसान ज्यादा होता है। इसकी वजह से रेडनेस, स्किन इरिटेशन या फिर ब्रेकआउट्स आदि की शिकायत हो सकती है। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और



स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको कुछ ऐसे ही इंग्रीडिएंट्स के बारे में बता रही हैं, जिन्हें आपको अपने होममेड स्किन केयर में इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

### कच्चा अंडा

अक्सर महिलाएं स्किन टाइटनिंग के लिए अंडे का इस्तेमाल करना पसंद करती हैं। लेकिन आपको स्किन पर कच्चा अंडा लगाने से बचना चाहिए। दरअसल, इसमें साल्मोनेला नाम के बैक्टीरिया हो सकते हैं, जिसे अगर कटी-फटी स्किन पर लगाया जाता है तो इससे इंफेक्शन या एलर्जी की शिकायत हो सकती है। बेहतर होगा कि स्किन टाइट करने के लिए आप कच्चे अंडे की जगह एलोवेरा या दही का इस्तेमाल करें।

### जायफल

अगर आप अपने स्किन केयर रूटीन में जायफल शामिल करने के बारे में सोच रही हैं तो जरा रुक जाइए। जायफल सेहत के लिए काफी लाभदायक है। लेकिन स्किन के लिए इसका इस्तेमाल करना उतना अच्छा विचार नहीं है। दरअसल, यह बहुत स्ट्रॉन्ग होता है जिसकी वजह से स्किन पर जलन या एलर्जी की शिकायत हो सकती है। इसकी वजह से आपको स्किन पर रेडनेस, दाने या रैशेज हो सकते हैं। बेहतर होगा कि आप जायफल की जगह थोड़ी सी मात्रा में हल्दी का इस्तेमाल करें।

## प्लेन चूड़ियों का बनाएं सेट, हर साड़ी के साथ करेंगी मैच

यदि आप चूड़ियों का सेट बनाते समय इस बात को लेकर कंफ्यूज रहती हैं, कि इसमें किस तरह के कंगन लगाए जाएं ताकि वो खूबसूरत नजर आएं। आज हम आपको ऐसे ही कुछ प्लेन चूड़ियों के सुंदर सेट बनाने का तरीका सिखाने जा रहे हैं। जिनको आप भी ट्राई करके अपने हाथों की शोभा बढ़ा सकती हैं।



### गजरा बीड्स कंगन के संग करें पेयर

सबसे पहले आपको किसी भी चूड़ी का सेट बनाते समय अपने ड्रेस के कलर कॉम्बिनेशन का ध्यान रखना पड़ता है। यदि आपके साड़ी या लहंगे में दो कलर हैं, तो कोई भी प्लेन वेलवेट चूड़ियां लेकर उसके संग तस्वीर में दिखाए गए गजरा बीड्स कंगन को दोनों साइड लगाकर शानदार बैंगल्स सेट बना सकती हैं। यह पहनने के बाद काफी एलिगेंट और खूबसूरत लगता है।

### कुंदन स्टोन कंगन के साथ बनाएं सेट

आप किसी भी रंग की मेटल या कांच की प्लेन चूड़ी के साथ फोटो में दिखाए गए सिल्वर कलर के कुंदन स्टोन कंगन को पेयर करें। आप प्लेन चूड़ी के साथ बीच-बीच में पतली पतली सिल्वर चूड़ियां भी सेट कर सकती हैं। इस तरह का सेट बनकर बहुत ही ज्यादा सुंदर लगता है। यदि आपके ऑउटफिट में सिल्वर वर्क है तो आप सिल्वर और गोल्डन है तो उस रंग के कंगन सेट करें।

### फोटो प्रिंट टसल कंगन

आजकल नाम लिखे हुए या खुद की और भगवान की फोटो प्रिंट वाले कंगन भी काफी मार्केट में डिमांड में चल रहे हैं। इनमें आपको दो का ही सेट मिलेगा।

## बिना पानी और शैंपू के हटाएं बालों का ऑयल, जानें आसान हैक्स

बिना शैंपू के आप बालों में अगर ऑयल को कम करना चाहते हैं, तो इसके लिए जरूरी है कि आप कुछ आसान हैक्स को ट्राई करें। इससे आपके बाल अच्छे नजर आएंगे। साथ ही, आपको ज्यादा चीजों के इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### ड्राई शैंपू का कर सकती हैं इस्तेमाल

कई बार ऐसा होता है कि हम बालों को वॉश करने से बचते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारे पास समय कम होता है। इसके लिए आप ड्राई शैंपू का इस्तेमाल कर सकती हैं। ड्राई शैंपू आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएगा। जिसे आप बालों में से एक्सट्रा ऑयल को कम करने के लिए इतेमाल कर सकते हैं। बस इसे बालों की जड़ों पर स्प्रे करें और हल्के हाथों से मसाज करें। बाल तुरंत फ्रेश और वॉल्यूम वाले लगेंगे। साथ ही, इससे हेयर स्टाइल भी आसानी से बन जाएगा।

### टिशू पेपर का करें इस्तेमाल

आप अपने बालों से एक्स्टा ऑयल को कम करने के लिए टिशू पेपर का इस्तेमाल करें। इसके इस्तेमाल को करने के लिए आपको बालों में लगाना है और टेब करके बालों का एक्स्ट्रा ऑयल को सूखाना है। इसके बाद बालों में ड्राई शैंपू का इस्तेमाल करना है। इससे आपके बाल हेल्दी नजर आएंगे। साथ ही, बालों का चिपचिपापन कम हो जाएगा।

### हेयर स्टाइल से करें मैनेज

जब समय कम हो और बाल ऑयली हो तो टाइट पोनीटेल, जूड़ा या ब्रेड बनाएं। इससे बाल भी अच्छे दिखेंगे और ऑयल भी कम नजर आएगा।

### कार्नर न्यूज

### आपका सलेक्शन लोगों की नजरों को भा जाएगा

## मेंस फैशन में बेस्ट एथनिक लुक के लिए इन्हें बनाइए अपनी परफेक्ट चॉइस, मिलेगी तारीफ

फेस्टिव सीजन पर बेस्ट दिखना है। भले ही इस बार बड़ी पार्टी नहीं होगी। लोग कम मिले-जुलेंगे लेकिन त्योहारों पर अच्छे से तैयार होना आप कैसे भूल सकते हैं। आप नई ड्रेस खरीदेंगे, या पहले वाली को ही नए अंदाज में पहनेंगे। आपका चुनाव, जो भी हो लेकिन आपके लुक को 'बेस्ट एथनिक वियर' वाली तारीफ तो जरूर मिलनी चाहिए। इसके लिए आप किसी डिजाइनर के पास बिल्कुल न जाएं, न ही दोस्तों से राय लें। बल्कि घर बैठे, हमसे जान लें कि कैसे एक साधारण सी फेस्टिव ड्रेस को हाई फैशन एथनिक वियर बनाया जा सकता है। इसमें आपको कुछ ऐसे प्रोडक्ट्स के बारे में बताया जाएगा, जो कम दाम भी स्टाइलिश हैं।

इन प्रोडक्टस की क्वालिटी आपका दिल जीत लेगी। बिल्कुल बेसिक सी ड्रेस के स्टाइलिश लुक के लिए आपको चुनने चाहिए कौन से कपड़े, आइए जान लेते हैं-

### बेसिक्स शॉर्ट कॉटन कुर्ता नेवी

मैंडेरियन कॉलर वाला ये शॉर्ट कुर्ता फुल स्लीव्स का है। शॉर्ट कुर्ते की



खासियत यह होती है कि इसे पायजामे, जींस या पैंट के साथ भी आसानी से पहना जा सकता है। कह सकते हैं कि इसकी जोड़ी किसी के साथ खूब जमती है। इस कुर्ते के साथ भी यही फायदा है। इसका रंग भी नेवी है, जो लगभग हर रंग पर अच्छा लगता है। 100 प्रतिशत कॉटन से बना ये कुर्ता सिंपल और सोबर वाला फील देता है। इसमें कुछ भी ऐसा नहीं है, जो लुक के साथ एक्सट्रा दिखे। आरामदायक होने के साथ स्टाइलिश भी होना इसकी खासियत में शुमार है।

जींस के साथ ये इंडोवेस्टर्न लुक देगा तो ट्रेडीशनल लुक के लिए लिनेन ट्राउजर्स के साथ इसे पहनना अच्छा रहेगा। यह एक ऐसा आउटफिट है, जिसे अपकी वार्डरोब का हिस्सा होना ही चाहिए।

गूंज : ब्लू फ्लोरल प्रिंट कॉटन कुर्ता

फूलों से सजा ये कुर्ता फेस्टिवल में आपके लुक को सुधारने की पूरी कोशिश करेगा। इसका प्रिंट आपके पास पहले से रखे पायजामे और धोती पैंट्स पर अच्छा लगता है। ये कुर्ता किसी छोटे आयोजनों में भी आपको बेस्ट लुक देगा और लोग आपके ऊपर से अपनी नजर नहीं हटा पाएंगे। इस कुर्ते के साथ जींस पहनें या पायजामा लेकिन साथ में ब्लैक या ब्राउन कलर की सैंडल बहुत अच्छी लगेंगी। इस तरह से आपके एथनिक लुक पर चार-चंद लग जाएंगे। इसके मैंडेरियन कॉलर के साथ हाफ बटन प्लैकेट है और साथ में लॉन्ग स्लीव्स भी।

### ब्लू ब्रोकेड सेल्फ विव्ड नेहरू जैकेट

नेहरू जैकेट ऐसा आउटफिट है, जो कई एथनिक को बेस्ट बना देता है। ये जैकेट सफेद कुर्ते को बेहतरीन लुक देती है तो प्रिंटेड के साथ भी मैच कर जाती है। Armen & Co की ओर से लॉन्च इस नेहरू जैकेट का लुक बिल्कुल ही निराला है।

